CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

नई दिल्ली, रविवार 12 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | वैसाख कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 | 23 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुद्दा बनाया पेज 2



जीत का लक्ष्य बरकरार रखने उतरेगी एलएसजी खेल टाइम्स



नुसरत का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान बॉलीवुड



ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन पेज 11

## हिजबुल्लाह का इजरायली सैन्य ठिकानों पर हमला

**इस्लामाबाद।** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजरायल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल अटैक किए। जवाब में इजरायल ने लेबनान के कई ठिकानों पर हमला किया।

इजरायल ने साफ कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर पर बातचीत नहीं करेगा। इससे पहले खबरें थीं कि अमेरिका में इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच इस मुद्दे पर बैठक हो सकती थी। इसी बीच, ईरान ने कहा कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी। गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

# इस्लामाबाद के सेरेना होटल पर दुनिया की निगाहें

## सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू , ईरान की मांग- लेबनान पर तुरंत हमले बंद हों

■ **बातचीत का पहला राउंड 2 घंटे तक चला, इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू हो गया है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की।

इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में



चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

■ **मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है सेरेना होटल**

इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर वार्ता हो रही है। यह होटल शहर के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। सेरेना होटल अपनी मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है। यहां आने-जाने के हर रास्ते पर कड़ी जांच होती है और कई लेयर में सिक्योरिटी लगी रहती है। यह होटल प्रधानमंत्री आवास और संसद जैसे अहम सरकारी जगहों के पास है, जिससे नेताओं और अधिकारियों के लिए यहां आना-जाना आसान और सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि बड़ी और संवेदनशील मीटिंग्स के लिए इसे चुना जाता है। करीब 6 हेक्टेयर में फैले इस होटल में 400 से ज्यादा कमरे, बड़े कॉन्फ्रेंस हाल और आफिस स्पेस हैं। यहां एक साथ 150 से ज्यादा लोगों की टीम आराम से रुक सकती हैं

## संक्षिप्त समाचार

### होर्मुज में व्यवधान के बीच ईंधन भरने अमेरिका आ रहे जहाज: ट्रम्प का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के साथ जंग के बीच ईंधन संकट को लेकर नया बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज में व्यवधान के बीच कई बड़े जहाज तेज और गैस भरवाने के लिए अमेरिका की तरफ आ रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में लिखा, दुनिया के सबसे बड़े खाली तेल टैंकर बड़ी संख्या में अमेरिका की तरफ बढ़ रहे हैं। इन टैंकरों पर दुनिया के सबसे बेहतरीन और अच्छे तेल तथा गैस को लोड किया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अमेरिका के पास दो सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों की तुलना में अधिक तेल भंडार है। यह तेल उच्च गुणवत्ता वाला भी है। विशालकाय खाली तेल टैंकरों के अमेरिका की तरफ बढ़ने के दावे के समर्थन में उन्होंने भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे ट्रुथ सोशल पर एक नक्शा भी साझा किया। इसके करीब आठ घंटे बाद शनिवार शाम को ट्रम्प ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, तेल-गैस भरवाने आ रहे जहाजों में कुछ दुनिया में सबसे बड़े हैं।

### मोस्ट वांटेड अपराधी साहिल बैंकॉक से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के एक मोस्ट वांटेड अपराधी को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से भारत वापस लाया गया है। वह अपराधी साहिल चौहान विदेश भाग गया था। इस कार्रवाई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और इंटरपोल की मदद से अंजाम दिया गया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से हमने 10 अप्रैल को वांछित फरार अपराधी साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक भारत वापस लाने का इंतजाम किया है। हरियाणा पुलिस को हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े कई मामलों में साहिल चौहान की तलाश थी। वह कुख्यात भूप्पी राणा गैंग का एक प्रमुख सदस्य है, जो हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में सक्रिय है। 4 जनवरी 2017 को चौहान ने कथित तौर पर जगाधरी कोर्ट परिसर यमुनानगर, हरियाणा में गैंग रंजिश के चलते मोनू राणा पर उस समय फायरिंग की थी, जब उसे लंबित आपराधिक मामलों में सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया था।


# वोट देना-चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं

## ये वैधानिक अधिकार हैं , चुनाव लड़ने के लिए योग्यता शर्तें जरूरी हैं : सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर स्पष्ट किया है कि वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं हैं, बल्कि ये वैधानिक अधिकार हैं। यह अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने की जिसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं। हालांकि, ये दोनों अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनका स्रोत संविधान के बजाय कानूनों में निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वोट देने और चुनाव लड़ने के अधिकार में मूलभूत अंतर है। मतदान का अधिकार नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का मौका देता है, जबकि चुनाव लड़ने का



■ **यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं: शीर्ष अदालत**

अधिकार अधिक कड़े नियमों और शर्तों के अधीन होता है। इसमें उम्मीदवार की योग्यता, अयोग्यता, प्रशासनिक आवश्यकताएं और संस्थागत नियम शामिल होते हैं। इसलिए चुनाव लड़ना एक नियंत्रित प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न कानूनी मानदंड लागू होते हैं। दरअसल मामला राजस्थान के जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के चुनावी नियमों से संबंधित था। इन संघों का संचालन तीन-स्तरीय ढांचे के अनुसार होता है और इनके लिए राज्य कानूनों तथा बायलाज के माध्यम से उम्मीदवारों की पात्रता तय की जाती है। इन नियमों में दूध की आपूर्ति, गुणवत्ता, संघ की वित्तीय स्थिति और ऑडिट जैसे मानदंड शामिल थे। कुछ सहकारी समितियों ने इन नियमों को चुनौती देकर राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 2015 में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने इन बायलाज को अवैध बताकर रद्द कर दिया, जबकि पहले हुए चुनावों को वैध बनाए रखा। बाद में 2022 में डिविजन बेंच ने भी फैसले को बरकरार रखा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के तर्कों से असहमति जताकर कहा कि इस प्रकार की रिट याचिकाओं की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया कि इस तरह के मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप सीमित होना चाहिए, जब तक कि कोई स्पष्ट संवैधानिक उल्लंघन न हो।

### सीजेआई सूर्यकांत बोले: इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है। सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना, ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई-काठमांडू फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाइट की ईंधन कमी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब दुबई से काठमांडू जा रही एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट की अचानक इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, विमान में ईंधन की कमी के चलते यह निर्णय लिया गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी 154 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह फ्लाइट दुबई से नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान तकनीकी

■ **ईंधन कमी के चलते लेना पड़ा फैसला, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए**

और परिचालन कारणों के चलते विमान के पायलट को ईंधन की स्थिति को लेकर चिंता हुई। स्थिति को देखते हुए पायलट ने नजदीकी सुरक्षित हवाई अड्डे पर लैंडिंग की अनुमति मांगी, जिसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट को चुना गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से अनुमति मिलने के बाद विमान को प्राथमिकता के आधार पर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। जैसे ही इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिली, एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। रनवे को तत्काल खाली कराया गया और आपातकालीन सेवाओं को तैयार रखा गया।

## धन शोधन जांच में 6.3 करोड़ रुपये जब्त किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लि. (ईआईएल) और उसकी समूह संस्थाओं से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान चलाकर 6.3 करोड़ रुपये की नकदी, 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण, चांदी की सिल्लियां और लग्जरी घड़ियां जब्त की हैं।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह छापेमारी गुरुग्राम और दिल्ली में अर्थ ग्रुप के निदेशकों, प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं से जुड़े 10 ठिकानों पर की गई। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने लगभग 6.3 करोड़ रुपये नकद और करीब 7.5 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषणों के साथ-साथ चांदी की सिल्लियां और कीमती घड़ियां भी जब्त कीं। धन शोधन की यह जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) के अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इसके निदेशकों और संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और साजिश के लिए आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज पांच एफआईआर के तहत की गई है। इसके अतिरिक्त, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने भी अर्थ ग्रुप के प्रमोटरों/ निदेशकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

## मणिपुर में बंगाल के बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4.30 बजे गोली लगी। गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन बीएसएफ में तैनात थे। फरवरी में दो समुदायों के बीच हुई जातीय झड़पों के बाद कुकी गांव मोंगकोट चेपू और पड़ोसी तांगखुल नागा इलाके में गोलीबारी होती रही हैं।

## लेफ्ट की कार्बन कॉपी बनी टीएमसी: मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब भय से ऊब चुकी है और भरोसे की ओर बढ़ रही है।

घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, कट मनी और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे



और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है।

बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेग पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

## महाराष्ट्र के मंत्री का हेलीकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा

**पुणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल शनिवार को बड़े हादसे से बच गए। पुणे के पुरंदर इलाके में उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड की बजाय कार पार्किंग में उतरा। हेलीपैड वहां से एक किलोमीटर दूर था। पुणे प्रशासन ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था, पर पायलट ने पार्किंग की खाली जगह को लैंडिंग साइट समझ लिया। उस समय जगह खाली थी, जिससे भ्रम की आशंका है। घटना तब जब भुजबल पुणे में ज्योतिबा फुले की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

# 12 राज्यों-यूटी में एसआईआर, 6.08 करोड़ नाम कटे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं।

पिछले साल 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाता करीब 51 करोड़ थे। फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई। एसआईआर के दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान,

■ **उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं, यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए**

छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं। यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में भी करीब 91 लाख नाम बाहर हुए। चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को देशभर में एसआईआर कराने का आदेश दिया था। अब तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हुए। पहले फेज में बिहार, दूसरे में 9 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे। असम में एसआईआर के बजाय 10 फरवरी को स्पेशल रिवीजन पूरा हुआ था। इस प्रक्रिया के दौरान कई राज्यों में शेड्यूल में बार-बार बदलाव हुए। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ शामिल किए जा चुके हैं। बाकी 39 करोड़ को तीसरे फेज में 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में कवर किया जाएगा। इन 22 राज्यों-यूटी में प्रक्रिया इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद शुरू होगी। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान करीब 91 लाख नाम हटाए गए। चुनाव आयोग के अनुसार, यह कार्रवाई नवम्बर से चल रही प्रक्रिया के तहत की गई। 28 फरवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक एसआईआर शुरू होने के बाद 63.66 लाख नाम हटाए गए थे। इससे मतदाता 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गए।

## कूनो में आई खुशखबरी, चार शावकों की मां बनी गामिनी

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। चीतों के पुनर्वास अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता गामिनी' ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है।

यह घटना न सिर्फ कूनो बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास परियोजना के बाद यह पहली बार है, जब किसी मादा चीता ने जंगल वातावरण में सफलतापूर्वक शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि 'गामिनी' भारतीय मूल की मादा चीता है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बन जाती है। वन विभाग के अनुसार गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी और उसने पूरी तरह परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य को जान से मारने की धमकी मामले में केस दर्ज

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जान से मारने की धमकी मिलने के मामले में भेलूपुर थाने में शनिवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(4) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। धमकी देने वाले ने ऑडियो मैसेज के माध्यम से कहा था कि शंकराचार्य को अतीक अहमद की तरह मार दिया जाएगा और उनका समय नजदीक आ गया है। शंकराचार्य को धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान धमकी भेजने वाले मोबाइल नंबर की भी पहचान की जा रही है।

### अधिवक्ता की मौत के मामले में एसडीएम निलंबित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र में अधिवक्ता विजेंद्र सिंह की मृत्यु के मामले में शासन ने बरहज के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विपिन कुमार द्विवेदी को निलंबित कर राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है। इसके साथ ही विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

### कर्नल सोनम वांगचुक के सम्मान में स्मारक बनेगा

**श्रीनगर।** केंद्र शासित लद्दाख प्रदेश प्रशासन महावीर चक्र विजेता और 'लद्दाख के शेर' के नाम से मशहूर कर्नल सोनम वांगचुक (सेवानिवृत्त) के सम्मान में लेह में एक स्मारक स्थापित करेगा। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने कहा कि परिवार, सेना और प्रतिनिधियों के परामर्श से लेह में स्मारक का निर्माण होगा। उद्देश्य उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की विरासत को अमर करना है।

# शहरों में गिरते मतदान प्रतिशत से बढ़ी चिंता

## एसआईआर में बीजेपी के कब्जे वाली सीटों पर सबसे ज्यादा वोट कटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में नए चुनावी रुझानों ने हलचल तेज कर दी है। ताजा सर्वे विश्लेषण में सामने आया है कि जिन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है, वहीं सबसे ज्यादा वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। यह संकेत न सिर्फ सत्तारूढ़ दल के लिए चेतावनी है, बल्कि विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक, 16 सीटों पर भाजपा को 1 लाख से अधिक वोटों का नुकसान हुआ है, जबकि 21 सीटों पर 80 हजार से ज्यादा वोट घटे हैं। इसके अलावा 82 सीटों पर 50 हजार से अधिक और 159 सीटों पर 30 से 50 हजार के बीच वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। खास बात यह है कि इनमें अधिकांश सीटें वही हैं, जहां 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मजबूत बढ़त हासिल की थी। विश्लेषण में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि वोटों में गिरावट का सबसे ज्यादा असर शहरी इलाकों में देखने

**■ सत्तारूढ़ दल के लिए चुनौती, तो विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा भाजपा को 16 सीटों पर एक लाख से ज्यादा का नुकसान**

को मिला है। लखनऊ, कानपुर, नोएडा जैसे शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं का झुकाव बदला है, जबकि ग्रामीण इलाकों में भाजपा का आधार अपेक्षाकृत स्थिर बना हुआ है। इसे शहरी मतदाताओं की अपेक्षाओं, स्थानीय मुद्दों और संगठनात्मक सक्रियता में कमी से जोड़कर देखा जा रहा है।

इस बदलते ट्रेंड ने समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों को नया सियासी नैरेटिव दे दिया है। सपा को करीब 55 सीटों पर लाभ की संभावना जताई जा रही है, जबकि कई सीटों पर मुकाबला कड़ा होने के संकेत हैं। विपक्ष इसे जन असंतोष के तौर पर पेश कर रहा है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह गिरावट सीधे तौर पर सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं है, लेकिन भाजपा के लिए यह एक स्पष्ट चेता. वनी जरूर है। खासकर उन सीटों पर, जहां जीत का अंतर कम था, वहां यह गिरावट भविष्य में जोखिम बढ़ा सकती है।

आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा को शहरी क्षेत्रों में संगठन को और मजबूत करने, स्थानीय मुद्दों पर फोकस बढ़ाने और मतदाताओं से सीधा संवाद बढ़ाने की जरूरत होगी। विपक्ष इस मौके को भुनाने की कोशिश में जुट गया है। कुल मिलाकर यह ट्रेंड उत्तर प्रदेश की राजनीति में साइलेंट शिफ्ट का संकेत दे रहा है-जहां मुकाबला पहले से ज्यादा दिलचस्प और कांटे का होता नजर आ रहा है। एसआईआर को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जो निर्वाचन आयोग की तरफ से की जाती है। कहां वोट कम हुए कहां ज्यादा हुए इसको लेकर पार्टी अपने हिंसाब से मंथन करेगी। देश की जनता आज भी भाजपा सरकार की नीतियों में विश्वास करती है और आगे भी करती रहेगी।

# सपा सरकार में जगहों के नाम बदले गए

शाह टाइम्स ब्यूरो



**महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर मायावती का संदेश, सपा सरकार पर बोला हमला, बसपा सरकार के किए गए नामकरण को सपा सरकार ने बदला: मायावती**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर उन्होंने समा. जवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए पूर्व में किए गए नामकरणों को बदलने का आरोप लगाया। सुश्री मायावती ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अति-पिछड़े, दलित और वंचित समाज के उत्थान को ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल की, जिसमें उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का योगदान भी अतुलनीय रहा। उन्होंने फुले के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के अभाव में समाज का बौद्धिक, नैतिक और आर्थिक विकास बाधित होता है। मायावती ने यह भी कहा कि भीम राव अंबेडकर ने भी फुले के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुख्य आधार बनाया। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में कई जिलों का नामकरण महापुरुषों के सम्मान में किया गया था। उन्होंने कहा कि अमरोहा का नाम बदलकर ज्योतिबा फुले नगर रखा गया था, लेकिन बाद में सपा सरकार ने इसे बदल दिया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार ने कासग. ंज, संभल, शामली और हापुड़ जैसे जिलों का नाम भी महापुरुषों के नाम पर रखा था, जिन्हें बाद में बदल दिया गया। यह कदम संकीर्ण राजनीति और जातिवादी सोच का परिचायक है। महात्मा फुले के प्रयासों से न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश में सामा. जिक परिवर्तन की नई चेतना जागृत हुई। उनके द्वारा शुरू किए गए महिला शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्य आज भी प्रेरणादायक हैं।

# फैशन टीवी के नाम पर पांच सौ करोड़ ठगे

लखनऊ, वार्ता

**देश के पीड़ित व्यापारियों ने लगाया आरोप**

उत्तर प्रदेश की राजधानी के गोमती होटल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में देश भर से पहुंचे पीड़ित व्यापारियों ने कथित तौर पर फैशन टीवी के नाम पर चल रहे 500 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े घोटाले का खुलासा किया।

पीड़ितों का दावा है कि इस फर्जी निवेश योजना में 200 से ज्यादा कारोबारी ठगी का शिकार हुए हैं, जिनमें से कई कर्ज में डूब कर आर्थिक रूप से तबाह हो चुके हैं। लखनऊ के मनोज अग्रवाल, दिल्ली के विकास बंसल और मुंबई के राजेश तलवानी सहित कई व्यापारियों ने अपनी आपबीती साझा की। उनका आरोप है कि यह एक सुनियोजित और लंबे समय से चल रहा आर्थिक अपराध है, जिसमें लोगों को एक साल में 80 प्रतिशत तक मुनाफे का लालच देकर फंसाया गया। पीड़ितों के मुताबिक कंपनी के प्रतिनिधि सोशल मीडिया के जरिए बड़े पैमाने पर प्रचार करते थे और निवेश पर भारी रिटर्न का भरोसा दिलाते थे। शुरुआत में भरोसा जीतने के बाद फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये वसूले जाते थे। दिल्ली से आए विकास बंसल ने कहा कि इस घोटाले ने सैकड़ों परिवारों को बर्बाद कर दिया। कई लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगा दी, जबकि कुछ ने कर्ज लेकर निवेश किया। अब वे आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। मुंबई के कारोबारी राजेश तलवानी ने भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने करीब 12 साल पहले 3 करोड़ रुपये निवेश किए थे।

## ज्योतिबा फुले व सांगा की जयंती से एक दिन पहले योगी का ऐलान

# थारू समाज पर दर्ज केस वापस लेगी सरकार

लखीमपुर खीरी, वार्ता



**■ पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सपा के शासनकाल में थारू समाज पर दर्ज मुकदमों को उनकी सरकार वापस लेगी।

महात्मा ज्योतिबा फुले व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। उन्होंने कहा कि अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। उन्होंने कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी और उनकी सराहना भी की और कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता-जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता-जनार्दन तक पहुंचती है।

### भूमिधरी अधिकार पत्र ने इतिहास की अधूरी तमन्ना को किया पूरा: योगी

**लखीमपुर खीरी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित विभिन्न हिंदू परिवारों को संक्रमणीय एवं असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि न्याय का वह क्षण है, जिसने इतिहास की अधूरी तमन्ना को पूरा किया है। भारतीय परंपरा में धर्म की व्याख्या परहित सरिस धरम नहि भाई के रूप में की गई है और इसी भावना के साथ डबल इंजन सरकार पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार थारू समुदाय, जो महाराणा प्रताप को अपना पूर्वज मानता है, उसे भूमि अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वर्तमान वंशजों को भी अधिकार पत्र दिए गए हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74616.58
निफ्टी 23123.65



सोना 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में हमीरपुर अव्वल, बरेली द्वितीय

## रामपुर तीसरे व मैनपुरी चौथे स्थान पर रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की जारी रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है जबकि बरेली दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर रहे।

यह रैंकिंग जिलों के विकास कार्यों, राजस्व प्रबंधन और कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर तैयार की गई है। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा की जाती है। इसमें जनसुनवाई, राजस्व कार्य, विकास योजनाएं और कानून-व्यवस्था जैसे अहम पहलुओं को शामिल किया जाता है। इसके आधार पर हर माह जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है, जिससे प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होती है।

**■ प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर यूपी मजबूती से अग्रसर**

रिपोर्ट के अनुसार, मैनपुरी ने चौथा और हरदोई ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप-10 जिलों में शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, जालौन, सोनभद्र और कौशांबी ने भी जगह बनाई है। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के अनुसार, जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसका परिणाम लगातार बेहतर रैंकिंग के रूप में सामने आ रहा है। सीएम डैशबोर्ड की सतत निगरानी से प्रदेश में प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है और विकास कार्यों में तेजी आई है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश मजबूती से अग्रसर है।

# सोना और चांदी की कीमतों में आई तेजी

**नई दिल्ली।** शनिवार को सोने की कीमतों में फिर से तेजी देखी गई। मिडिल ईस्ट में तनाव, मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के चलते सोने की कीमतें दोबारा बढ़ती नजर आ रही हैं। आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमतों में उछाल आया और यह लगातार तीसरे हफ्ते बढ़त की ओर बढ़ रहा है।

भारत में सोने की कीमत बढ़ने की एक और वजह अक्षय तृतीया (जो 19 अप्रैल को पड़ता है) है, जिसमें सोने की खरीदारी का चलन है। एमसीएक्स पर आज 24 कैरेट सोने का भाव दिल्ली में 15,299 रुपये है, जबकि मुंबई में 15,284 रुपये, कोलकाता में 15,284 रुपये और चेन्नई में 15,382 रुपये है। चांदी की कीमत आज 2,39,934 प्रति किलोग्राम है। रिटेल लेवल पर तनिष्क, कल्याण ज्वेलर्स, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स जैसे प्रमुख ज्वैलर्स आज 22 कैरेट सोने की कीमत 13,965 रुपये से 14,065 रुपये प्रति ग्राम के बीच बता रहे हैं।

आज के सोने के रेट और शोरूम की कीमतों के बीच यह अंतर इन्वेंट्री लागत, स्थानीय मूल्य निर्धारण रणनीतियों और परिचालन कारकों के कारण है, भले ही भारत में सोने का नवीनतम रेट मोटे तौर पर एक जैसा ही रहता है। ऊपर दी गई कीमतों में 3 परसेंट जीएसटी और मेकिंग चार्जेस शामिल नहीं हैं।

# चावल, गेहूं के भाव गिरे, चीनी मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं में भी नरमी रही जबकि चीनी में तेजी देखी गई। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 97 रुपये टूटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,770 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 35 रुपये और चना दाल 20 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल की कीमत 19 रुपये और मसूर दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की औसत कीमत 120 रुपये और पाम ऑयल की 85 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 52 और सरसों तेल में 32 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वनस्पति 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़। चीनी भी 28 रुपये महंगी हुई। दाल चना 7666.84 रुपये, मसूर काली 8055.01 रुपये, मूंग दाल 10183.61 रुपये, उड़द दाल 10801.14 रुपये, तुअर दाल 11227.68 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.81 रुपये और चावल 3759.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंऋ 3277.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4328.72 रुपये और गुड़ 4998.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17881.67 रुपये, मूंगफली तेल 19000.95 रुपये, सूरजमुखी तेल 17507.82 रुपये, सोया तेल 14838.54 रुपये, पाम ऑयल 13531.46 रुपये और वनस्पति 14798.33 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सीएम योगी नकली संत: सपा

## इस बार पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा : अखिलेश

जयपुर, वार्ता



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सीएम योगी को नकली संत करार देते हुए कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा। अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यूपी में एक नकली संत है, जो दूसरों से सर्टिफिकेट मांग रहे थे, उनके पास अपना ही सर्टिफिकेट नहीं है।

उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ दावा करते हैं कि वो सुबह 3:30 बजे उठते हैं, लेकिन जब उन्हें योग करने का मौका मिला, तो वो डगमगाने लगे। अभी कुछ दिन पहले ही सीएम योगी जापान गए थे। जैसे ही वहां की बुलेट ट्रेन 500 किलोमीटर की रफ्तार से ऊपर हुई, तो वो ताली बजाने लगे। कभी उन्हें क्रिकेट खेलते हुए देखना, तीन टप्पे खाने के बाद भी बल्ला हवा में घूमाते रहते हैं, कभी उन्हें बास्केटबाल खेलते हुए देखोगे, तो पाओगे कि वो बुलडोजर पर चढ़कर आएंगे और अपनी बाल को बास्केट में डाल देंगे। अखिलेश यादव ने शंकराचार्य को मिली जान से मारने की धमकी के सवाल पर कहा कि शंकराचार्य के विचार बहुत महत्वपूर्ण हैं। वो यूपी में कई नकली संतों का मुकाबला कर रहे हैं। उनकी बहादुरी को उनके साहस को हम बधाई देते हैं। पीडीए के लोग हमेशा शंक. राचार्य का सम्मान करते थे और करते रहेंगे। अखिलेश यादव ने यूपी में एसआईआर को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी शुद्धिकरण कभी महसूस नहीं कर सकती है। भाजपा के लोग जनता को इशारा कर रहे हैं कि हम आपको तभी वोट डालने देंगे, जब आपका शुद्धिकरण कर देंगे।

# 2027 विस चुनाव के लिए रणनीति बदलने पर मजबूर हुए राजनीतिक दल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में 166 दिनों के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में दो करोड़ से ज्यादा नाम डिलीट किए गए हैं।

निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया से न सिर्फ़ वोटरों की सूची में व्यापक बदलाव हुआ है, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति बदलने को मजबूर कर दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया पर भाजपा, सपा , बसपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में कड़ी नजर रखी। इन पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को न केवल वोटरों को शहरी इलाकों से गांवों की ओर न जाने के लिए मनाने के काम में लगाया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने के बाद नए वोटरों के नाम भी दर्ज किए जाएं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यूपी में चलाई गई एसआईआर की पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी, लोकतंत्र के साथ धोखा और जनता के मताधिकार का सीधा हनन है। पार्टी वर्तमान मतदाता सूची को बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि चुनाव से पहले व्यापक जांच कर सभी 18 वर्ष पूरा कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं। अगर केंद्रीय चुनाव आयोग यह काम करने में असमर्थ है तो नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची को ही विधानसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल किया जाए। दरअसल, 27 अक्टूबर, 2025 से 10 अप्रैल के बीच, वोटर लिस्ट में न सिर्फ़ शहरी इलाकों जिनमें लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, आगरा और प्रयागराज शामिल हैं बल्कि ज्यादा ग्रामीण आबादी वाले जलों: कन्नौज, बलरामपुर, बदायूं, बहराइच, फ़र्रुखाबाद, सोनभद्र और इटावा में भी वोटरों के नाम हटाए गए। राज्य के शहरी इलाकों को भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपाऋ का गढ़ माना जाता है, और इन इलाकों ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जिससे विपक्षी समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के जनाधार को नुकसान पहुंचा था। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने लखनऊ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ और प्रयागराज में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं।

# कांग्रेस ने केंद्र की विदेश नीति पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** शनिवार को इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की आहट के बीच कांग्रेस पार्टी ने शांति की संभावनाओं पर सावधानी भरी उम्मीद जताई है। साथ ही पार्टी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्थिति पर 'गंभीर सवाल' उठाए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि इस बैठक से भारत सहित वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद जगी है कि यह अमेरिका-ईरान के बीच 'टिकाऊ शांति प्रक्रिया की शुरुआत' हो सकती है। रमेश ने इस अवसर का उपयोग सरकार के राजनयिक दृष्टिकोण में विसंगतियों और चूके अवसरों पर सवाल उठाने के लिए किया और पीएम मोदी व उनकी संपर्क रणनीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने मेजबान के रूप में पाकिस्तान की भूमिका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल किया कि अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले में कथित संलिप्तता और उसे अलग-थलग करने के भारत के राजनयिक प्रयासों के बावजूद इस्लामाबाद नई भूमिका गढ़ने' में कैसे कामयाब रहा। उन्होंने वर्तमान स्थिति की तुलना 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद के समय से की और कहा कि तब पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने 'पाकिस्तान को बहुत प्रभावी ढंग से अलग-थलग कर दिया था'।

# धौंस जमाने पर हुई हत्या नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके मे तीन दोस्तों ने अपने एक दोस्त मोहम्मद शमीम उर्फ सुई (21) की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी कि वह उनपर धौंस जमाता था ओर परेशान करता था।

फिलहाल पुलिस ने हत्या के जुर्म मे एक नाबालिग सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले मे वसीम उर्फ मिया (20), तिलक राज उर्फ राज (23) ओर एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। मृतक मोहम्मद शमीम ओ-25, लकड़ी मार्किट वेलकम मे रहता था ओर जींस सिलाई का काम करता था स उसे तीनों आरोपी वीरवार की रात घूमने के बहाने लेकर गए थे वह सभी शाहदरा नार्थ नगर-निगम कार्यालय के पीछे स्थित झील वाले पार्क मे पहुंचे वहां उन्होंने शमीम की हत्या कर दी ओर शव पत्तो से छिपा दिया। जब शमीम वापस घर नहीं पहुंचा तो उसके परिजनों ने उसकी गुमशुदगी वेलकम थाने मे दर्ज करवाई थी। उत्तर-पूर्वी दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने बताया 10 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि झील वाले पार्क मे स्थित मजार के पास एक शव पड़ा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शमीम के परिवार वालो को मौके पर बुलाया तो उन्होंने शव की शिनाख्त शमीम के रूप मे की स पुलिस टीम ओर फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए ओर मामले की जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान तीनों आरोपियों से पूछताछ की गयी तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया स पूछताछ मे तीनों ने बताया की शमीम उनके ऊपर धौंस जमाता था ओर उनको परेशान करता था जिस बात से उनके मन मे गुस्सा था ओर उन्होंने इसी वजह से उसकी हत्या कर दी।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मयूर विहार के त्रिलोकपुरी के 27 ब्लॉक इलाके में एक युवक पर सरेआम चाकू से जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घायल युवक की पहचान त्रिलो. कपुरी निवासी 26 वर्षीय हुजैफ के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार के अनुसार, 10 अप्रैल की रात करीब आठ बजे पीसीआर कॉल के जरिए त्रिलोकपुरी के 27 ब्लॉक में चाकूबाजी की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच और स्थानीय लोगों से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि हुजैफ बाजार से अपने कपड़े प्रेस करवाकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह 27 ब्लॉक स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों के एक समूह ने उसे बीच रास्ते में रोक लिया। हमलावरों ने हुजैफ के साथ अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी और उसे धमकियां देने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि समूह में से एक बदमाश ने हथियार निकाला और हुजैफ की पीठ और कंधे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। खून से लथपथ होने के बावजूद घायल हुजैफ किसी तरह हिम्मत जुटाकर अपने घर के करीब पहुंचने में कामयाब रहा।

# दस लाख के निवेश धोखाधड़ी मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के साइबर थाने ने दस लाख के निवेश धोखाधड़ी मामले को सुलझाकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से छह मोबाइल , छह डेबिट कार्ड और डिजिटल सबूत बरामद किए है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि सुभाष पार्क निवासी की शिकायत पर साइबर थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया था।शिकायतकर्ता ने बताया कि दिसंबर 2025 में, वह एक व्हाट्सएप ग्रुप के संपर्क में आया, जहाँ कुछ अज्ञात लोगों ने उसे शेयर बाजार में निवेश करने का लालच दिया और ऊँचे व गारंटीशुदा मुनाफे का भरोसा दिलाया। उनके दावों पर भरोसा करके, उसने दस लाख रूपये की राशि निवेश की हालाँकि, भुगतान करने के बाद, आरोपियों ने न तो कोई मुनाफा दिया और न ही निवेश की गई राशि वापस की। इसके बाद, शिकायतकर्ता को सभी संचार माध्यमों से ब्लॉक कर दिया गया, जिससे यह पुष्टि हो गई कि उसके साथ ठगी हुई है।

अपराध की गंभीरता को देखते हुए, वरिष्ठ अधिकारियों की कड़ी निगरानी में एसआई सचिन कुमार, हेड कांस्टेबल अजीत, पुनीत तेवतिया, राजेश और हॉल प्रवीण की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी और डिजिटल विश्लेषण किया। जाँच के दौरान टीम को पता चला कि ठगी गई राशि का एक हिस्सा इंडियन ओवरसीज बैंक के एक खाते में स्थानांतरित किया गया था, जिसे रोहिणी, से संचालित किया जा रहा था।

इसके बाद तकनीकी इनपुट पर टीम ने गोपाल विहार, विजय विहार फेज-2, रोहिणी,में छापा मारकर आरोपी सुमित (26), संदीप,(42) और. कमल कुमार(41) को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे श्म्यूल बैंक खातोंश (बिचौलिये के तौर पर इस्तेमाल होने वाले खाते) को उपलब्ध कराकर और उन्हें संचालित करके साइबर धोखाधड़ी में मदद करने में शामिल थे। इन खातों का उपयोग धोखाधड़ी से प्राप्त पैसों को प्राप्त करने और आगे ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था।

# रोहिणी में 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष एवं विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने रोहिणी क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचे में स्पष्ट और ठोस बदलाव दिखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़कें, जल आपूर्ति और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं सम्मानजनक शहरी जीवन की आधारशिला हैं और इन्हें प्राथमिकता के साथ मजबूत किया जाना चाहिए। लगभग 50 लाख रूपये की लागत से किए जा रहे ये कार्य रोहिणी के सेक्टर-7 और सेक्टर-8 सहित नाहरपुर गांव में विभिन्न स्थानों पर संचालित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर आवश्यक नागरिक सेवाओं को सुदृढ़ करना है।

इन परियोजनाओं में गलियों का निर्माण, पुरानी पानी की पाइपलाइन बदलना और सीवर व नालियों को बेहतर बनाना शामिल है, ताकि लंबे समय से चली आ रही लोगों की समस्याओं का समाधान तय समय में हो सके। सेक्टर-8 में विभिन्न पॉकेट्स में नई गलियों के निर्माण कार्य प्रारंभ किए गए, जिससे आंतरिक संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी। इसके साथ ही पॉकेट ठ-4 में नालियों के पुनर्निर्माण, पॉकेट ।-1 में आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) सड़कों के पुनर्विकास तथा पॉकेट ।-16 में दो नालों के भीतर जल पाइपलाइनों को बदलकर नया लगाने के कार्यो का शिलान्यास किया गया।

इसके अतिरिक्त, नाहरपुर गांव में दो स्थानों पर सीवर लाइन के नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया गया, जिससे स्वच्छता एवं जल निकासी की स्थिति में सुधार होगा।



**विधान सभा अध्यक्ष एवं विधायक विजेन्द्र गुप्ता का रोहिणी क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों के उद्घाटन अवसर पर स्वागत करते स्थानीय नागरिक।**

## एक नजर

### सृजन ओलंपिक्स 2026 का भव्य आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** सृजन फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव "सृजन ओलंपिक्स 2026" का भव्य उद्घाटन आज गौर सिटी-1, ग्रेटर नोएडा में उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व सृजन के गतिशील अध्यक्ष मोहित मनोत ने किया। इस अवसर पर जैन समाज सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए 700 से अधिक लोगों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। यह प्रतियोगिता 11 और 12 अप्रैल को आयोजित की जा रही है, जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, स्केटिंग, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बॉक्स क्रिकेट तथा T-10 क्रिकेट जैसे विविध खेल शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ. कमल जैन सेठिया, मोहित मनोत (अध्यक्ष - सृजन), वंदना जैन (महासचिव - सृजन) सहित जैन समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

### कलाकार तय करेंगे संगीत कैसा हो



**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत जगत में देश की पहली इंटीग्रेटेड क्रिएटर-फर्स्ट कंपनी समर्या क्रिएशन ने औमोरा म्यूजिक के आधिकारिक लॉन्च की घोषणा की और इसके संस्थापक पार्टनर हैं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी गीतकार सामेर अंजान। चार दशकों में 640 से ज़्यादा हिंदी फिल्मों के लिए 4,000 से अधिक गाने लिखने वाले सामेर अंजान ने कहा, मैंने 4,500 गाने लिखे हैं। मैं जानता हूं क्या टिकता है और क्या अगली सुबह भूल जाता है। समर्या क्रिएशन के एमडी मनोज अग्रवाल ने कहा, हम शोर में इजाफा करने नहीं आए। हम तय करने आए हैं कि भारतीय संगीत को क्या होने की इजाजत है।

### पुराने वाहनों के लिए दिया जाएगा स्क्रैपिंग प्रोत्साहन

**नई दिल्ली।** नई ईवी पॉलिसी के तहत स्क्रैपिंग प्रोत्साहन के तहत पुराने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाने पर नई इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने वालों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। इलेक्ट्रिक दोपहिया पर 10,000 रुपये, तीन-पहिया पर 25,000 रुपये, गैर-परिवहन इलेक्ट्रिक कारों पर एक लाख रुपये और चार पहिया माल वाहनों पर 50,000 रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसका लाभ लेने के लिए जरूरी है कि अधिकृत स्क्रैपिंग सेंटर से प्रमाणपत्र मिलने के छह महीने के भीतर नई इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदी जाए। यह सुविधा दिल्ली में रजिस्टर्ड बीएस-IV और उससे पुराने वाहनों पर लागू होगी।

### बिजली कनेक्शन में देरी के चलते आरएमएल के सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में इलाज अब तक शुरू नहीं

**नई दिल्ली।** बिजली कनेक्शन मिलने में देरी से राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) में बना सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक अब तक शुरू नहीं हो पाया है। इसके निर्माण में करीब 400 करोड़ रुपये की लागत आई है। यह ब्लॉक 2025 की शुरुआत में ही पूरी तरह तैयार हो गई थी। यह ब्लॉक कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बनाया गया है। इसमें आधुनिक मशीनें, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और सैकड़ों बेड की सुविधा मौजूद है। कमी है तो सिर्फ बिजली की।

## लोक निर्माण विभाग मंत्री ने सड़कों पर जाकर तैयारियों का किया लिया जायजा

**नई दिल्ली।** मानसून के करीब आते ही दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने राजधानी की प्रमुख सड़कों पर जाकर तैयारियों का जमीनी जायजा लिया -ठीक वैसे ही जैसे आने वाले दिनों में इन व्यवस्थाओं की असली परीक्षा होगी। "गवर्नमेंट ऑन व्हील्स" पहल के तहत दक्षिण दिल्ली के विभिन्न इलाकों में हुए इस निरीक्षण में कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यह दौरा चलते-फिरते एक व्यापक समीक्षा में बदल गया, जहां हर अहम बिंदु को मौके पर देखा और समझा गया।

# हेलमेट व ओवर स्पीडिंग के नियमों की परवाह नहीं करते दिल्ली वाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 में ओवर स्पीडिंग के लिए 27.76 लाख चालान जारी किए गए, जो सबसे आम ट्रैफिक उल्लंघनों में शामिल है।

11.76 लाख से अधिक चालान उन बाइक सवारों के खिलाफ काटे गए, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना। पुलिस के अनुसार, हेलमेट मोटरसाइकिल चालकों के लिए बेहद जरूरी सुरक्षा उपकरण है, जो मौत के जोखिम को 42 प्रतिशत और सिर की चोट के खतरे को 69 प्रतिशत तक कम करता है। इन आंकड़ों में ट्रैफिक कैमरों के जरिए जारी किए गए नोटिस भी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि मौके पर ट्रैफिक कर्मी चालान जारी करते हैं, जबकि कैमरों के जरिए ऑनलाइन नोटिस भेजे जाते हैं। डेटा के अनुसार, 2.67 लाख से अधिक कमर्शियल वाहनों पर प्रतिबंधित क्षेत्रों में 'नो-एंट्री' नियम तोड़ने के लिए कार्रवाई की गई।

पर्यावरण अनुपालन भी एक बड़ी चिंता के रूप में सामने आया। 8.63 लाख से अधिक वाहन चालकों को वैध (वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र) न होने पर जुर्माना लगाया गया। 5.10 लाख लोगों को रेड लाइट जंप करने पर जुर्माना लगाया गया। 3.07 लाख मामलों में गलत दिशा में वाहन चलाने (रॉन्ग साइड ड्राइविंग) के लिए कार्रवाई हुई। 4.19 लाख चालकों ने स्टॉप लाइन का उल्लंघन किया। 4.39 लाख वाहनों को बिना वैध बीमा के चलते पकड़ा गया। 93,068 वाहनों पर गलत नंबर प्लेट होने के कारण जुर्माना लगा। 78,153 मामलों में दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) पाई गई।

## डॉ. राजीब मुखोपाध्याय हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** 'ली रिदम' के सह-संस्थापक डॉ. राजीब मुखोपाध्याय को सामाजिक सेवा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'एमआई आईसीसी आईए लीजेंड एंटरप्राइज अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्यसभा के सांसद एवं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला द्वारा प्रदान किया।

डॉ. मुखोपाध्याय को वैश्विक स्तर पर 30 वर्षों से अधिक का नेतृत्व अनुभव प्राप्त है।इस अवसर पर डॉ. मुखोपाध्याय ने यह सम्मान अपनी दिवंगत पत्नी, सुप्रसिद्ध गायिका एवं 'ले रिदम' की संस्थापक स्वर्गीय श्रीमती रिनी मुखर्जी को समर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह थे। इस अवसर पर राज्यसभा के सांसद राजीव शुक्ला सहित श्रीलंका, मॉरीशस, लीबिया, अजरबैजान, क्रोएशिया, रवांडा, अल्जीरिया एवं रोमानिया के राजदूत एवं उच्चायुक्त भी उपस्थित रहे।



**लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह राजधानी प्रमुख सड़कों पर जाकर तैयारियों का जमीनी जायजा लेते हुए।**

# विधायक सूर्य प्रकाश खत्री को उत्तरी जिला विकास समिति का चेयरमैन नियुक्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिमारपुर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री को दिल्ली सरकार की उत्तरी जिला विकास समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के पदाधिकारियों ने विधायक सूर्य प्रकाश खत्री के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की तथा उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के द्वारा उत्तरी जिला विकास समिति का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए उनका जोरदार स्वागत किय। इस मौके पर जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान वरिष्ठ उपाध्यक्षा ममता आनन्द महासचिव हाजी मौहम्मद अनवार कोषाध्यक्ष जहीर आलम सहित एडवोकेट अमित आनन्द व हाजी कमालुद्दीन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# कृषि व डेयरी क्षेत्रों में प्रतिबद्धता को दोहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हरियाणा डेयरी फार्मर्स एंड एग्रो एसोसिएशन (एचडीएफएए), भारत, और फ्लैंडर्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर एग्रीकल्चर, फिशरीज एंड फूड (आईएलवीओ), बेल्जियम, ने कृषि और डेयरी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दो. हराया है।



यह सहयोग खाद्य सुरक्षा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत के विशाल कृषि आधार को बेल्जियम की उन्नत अनुसंधान विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक डॉ. वसीम अल्वी ने कहा कि हमें यह साझा करते हुए गर्व हो रहा है कि HDFAA ने उत्तर भारत के जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में होल्स्टीन फ्रीजियन और जर्सी नस्लों के लिए उन्नत हीट स्ट्रेस प्रबंधन तकनीकों को सफलतापूर्वक लागू किया है। संरक्षक डॉ. दीप्ति जोशी ने बताया यह सुविधा, जिसमें 400 से अधिक हॉल्स्टीन-फ्रीजियन (HF) और जर्सी गायें हैं, डेयरी नवाचार के लिए एक राष्ट्रीय प्रदर्शन और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्य करती है। फ्लैंडर्स ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट, नई दिल्ली ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह सहयोग भारत और बेल्जियम के बीच मजबूत और बढ़ते संबंधों और एक लचीले तथा टिकाऊ कृषि भविष्य के लिए उनके साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## हरियाणा में अपनी बढ़ाई उपस्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला ज्वेलरी के 'इंद्रिया' ने फरीदाबाद में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया, जोकि हरियाणा में ब्रांड का चौथा स्टोर है। इस नए स्टोर के साथ ब्रांड ने राज्य्य में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया है। इस अवसर पर इंद्रिया के सीईओ, संदीप को. हली ने कहा, "हरियाणा में हमारा विस्तार हमारी विकास रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। फरीदाबाद, अपनी बढ़ती शहरी आबादी, बढ़ती उपभोक्ता आकांक्षाओं और दिल्ली एनसीआर के करीब होने के कारण, हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है।

# रोहिणी सैक्टर-3 में विकास कार्य का शुभारम्भ




**नई दिल्ली।** दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन एवं क्षेत्र के विधायक राजकुमार चौहान ने शनिवार, 12 अप्रैल को रोहिणी, सैक्टर-3 की विभिन्न गलियों, रोडों, खांचों, लाइटों, पार्कों व बैंचों के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों पर सैकड़ों करोड़ रुपए की लागत आएगी जिनकी व्यवस्था विधायक राज. कुमार चौहान की उपस्थिति में क्षेत्र के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकों ने नारियल तोड़कर किया। इन सराहनीय कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता ने जगह-जगह उनका फूल-मालाओं द्वारा अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि राजधानी दिल्ली में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, जिसमें रोहिणी-मंगोलपुरी की जनता ने विधायक के रूप में हमें भी सेवा करने का अवसर दिया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# समाज के महान सुधारकों में से एक थे फूलेः अतुल प्रधान

## फलावदा नगर में धूमधम से मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को विधायक अतुल प्रधान ने अपने विधानसभा क्षेत्र सरधना के फलावदा नगर में महान विचारक और समाज सुधारक क्रांतिसूर्यश् महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाकर उन्हें नमनः किया और नगर स्थित महात्मा फूले जी की प्रतिमा को दूध से नहलाकर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में सभी ने महात्मा ज्योतिबा फूले को भारत रत्न की मांग का प्रस्ताव पास किया और हम मांग करते है कि ऐसी महान विभूति को जल्द से जल्द भारत रत्न मिलना चाहिये। फूले जी ने वंचित पिछड़े शोषितों के हिस्सेदारी के लिये कई आंदोलन किये। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज के हक और न्याय की विचारधारा का अनुसरण करना होगा। महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और समानता के लिए आपका संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

अतुल प्रधान ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि ज्योतिबा फूले भारतीय समाज के उन महान सुधारकों में से एक थे जिन्होंने अपने विचारों और कार्यों से सामा. जिक क्रांति की मजबूत नींव रखी। उनके अनमोल विचार आज भी समानता, शिक्षा ओर मानवता की राह दिखाते हैं। उस समय जब समाज जात पात छुआ छूत और अज्ञानता में जकड़ा हुआ था तब फुले जी ने इन बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई और एक नए युग की शुरुआत की।

### विधायक ने दूध से नहलाई ज्योबिता फुले की प्रतिमा

विधायक अतुल प्रधान ने प्रोग्राम के दौरान महात्मा फुले की प्रतिमा को दूध से नहलाया इस दौरान समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे उनके इस प्रोगाम में हजारों लोगों ने शिरकत की इतनी भीड़ आज तक किसी प्रोग्राम में कभी दिखाई नहीं दी वहीं काफी संख्या में लोगों के पहुंचने के कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। लोगों की भीड़ देखकर विधायक भी गदगद नजर आए।



**यह रहे मौजूदः** कार्यक्रम में अमरपाल सैनी प्रदेश सचिव सपा, बच्चीलाल सैनी पूर्व प्रत्याशी खतौली वि.स.,मनोज सैनी, लाल सिंह सैनी, बिट्टू सैनी, पिंटू सैनी,मनीष सैनी,मो. हित तोमर, विनोद सैनी, मेघराज सैनी, धर्मवीर सैनी, अनुज सैनी, हरिओम सैनी, राजकुमार सैनी, महेंद्र सैनी, कपिल सैनी व विधानसभा क्षेत्र के समस्त सैनी समाज के हजारो जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती को लेकर जानी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जानी खुर्द।** 14 अप्रैल को अंबेडकर की जयंती को लेकर जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना अध्यक्ष ने चौकी प्रभारी को सख्त सुरक्षा के आदेश दिए और हर छोटी बड़ी चीज पर पहली नजर रखने के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों पर खास नजर बनाए रखने को कहा। थाना अध्यक्ष ने कहा कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती है ऐसे में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है किसी भी तरह के शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

## गोकशी के तीन आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने तीन गोकश अभियुक्तों को अवैध शस्त्र व गोकशी के उपकरण सहित पकड़ कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए पर्यवेक्षण में गुरुवार देर रात ग्राम कैलीरामपुर के जंगल में नहर किनारे गोकशी में वांछित तीन अभियुक्तों को कैली रामपुर के जंगल से गिरफ्तार किया जिसमें अभियुक्त इमरान की निशानदेही पर एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस बरामद कर मुक. दमा दर्ज किया गया। वहीं पूछताछ में उसने बताया कि 9 अप्रैल को कैलीरामपुर नहर किनारे गोकशी कर अवशेष नहर में डाल दिए थे।



जिसमें इमरान ग्राम कैली रामपुर व सलीम बड़ागांव थाना परीक्षितगढ़, बाबू ग्राम राधना थाना किठौर को गिरफ्तार कर लिया तथा तमंचे के साथ गोकशी के उपकरण भी बरामद किए। वहीं थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि इमरान के खिलाफ परीक्षितगढ़ थाने में15 मुकदमे व अन्य थानो में दर्ज है। वहीं बाबू के खिलाफ किठौर थाने में तीन मुकदमे दर्ज हैं तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## पोर्टर ने मेरठ में एमएसएमई और लोकल बिजनेसों के लिए सेवाएं की शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डिजिटल माल परिवहन एजेंसी, पोर्टर ने शनिवार को मेरठ में अपने प्रवेश की घोषणा की, जिससे शहर के बढ़ते व्यापार और एमएसएमई पारिस्थितिकी माल के लिए कुशल और विश्वसनीय माल की आवाजाही को सक्षम करने के इसके मिशन को और मजबूती मिली है। स्थानीय ड्राइवर-पार्टनर्स के माध्यम से टू-व्हीलर सेवाओं के साथ संचालन शुरू हो गया है। माल के टिकाऊ और कुशल परिवहन का समर्थन करने के लिए आने वाले महीनों में थ्री-व्हीलर और टाटा ऐस सहित बड़े वाहनों की श्रेणियों को पेश करने की योजना है। लॉन्च पर बोलते हुए, पोर्टर के वीपी - एक्सपेंशन, अंकित द्विवेदी ने कहा कि मेरठ में पोर्टर के प्रवेश के साथ, हमारा लक्ष्य एक भरोसेमंद, तकनीक-आधारित माल ढुलाई को सक्षम करके इन वास्तविकताओं को संबोधित करना है जो व्यवसायों को कुशलता से माल ले जाने, खर्च का प्रबंधन करने और समय पर रीस्टॉकिंग बनाए रखने में मदद करता है। यह व्यापार वृद्धि और दैनिक व्यापार का समर्थन करने के लिए उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। साथ ही, हम ड्राइवर-पार्टनर्स के लिए रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं और माल की आवाजाही को औपचारिक बनाने में योगदान दे रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर आवाजाही की दक्षता में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दौराला में चला गांव चलो बस्ती चलो अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** गांव चलो बस्ती चलो अभियान को लेकर शनिवार को दौराला नगर पंचायत में भाजपा जिला अध्यक्ष हरबीर पाल ने बैठक कर बाजार में व्यापारियों से संपर्क किया भाजपा सरकार की उपलब्धि बताई आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं को संगठित होकर पार्टी के लिए काम करने को कहा कार्यकर्ताओं ने दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मंडल को मजबूत करने के संकल्प लिया।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक अयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान शिव पुरी में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के आवास पर आयोजित की गई जिसमें 19 अप्रैल को अमीनगर सराय में भगवान परशुराम जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश सचिव लोक. ेश वत्स ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा का कार्यक्रम एवं सामाजिक सुधार सेवा एकता एवं संगठन स्वाभिमान का मंथन का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ किया जाएगा। उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों से आहवान किया कि अधिक से अधिक समाज के गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रत्येक जिले में निकाली जाएगी जगह-जगह नुक्कड़ कार्यक्रम भी किए जाएंगे भगवान परशुराम के प्रकोष्ठ उत्तर कार्यक्रम पर सभी अपनी एक जुटता का परिचय देकर कार्यक्रम में भाग लेकर भगवान परशुराम की प्रतिमा को घर-घर में स्थापित करे।

# शिक्षा व सामाजिक समानता के प्रेरणास्रोत थे फुले

### जयंती पर सैनी समाज ने किया माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को नगर के महाराज शूरसेन सैनी पार्क में महाराजा शूर सैनी कमेटी के तत्वावधान में महात्मा ज्योति. बा फुले की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम की अगुवाई कमेटी के अध्यक्ष सौरभ सैनी ने की। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने शिक्षा की अलख जगाकर समाज को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि फुले ने हमेशा गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने जीवन में दलितों, पिछड़ों और गरीबों को सम्मान दिलाने के लिए निरंतर कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सुनील सैनी, चमन सैनी, शंकर लाल सैनी, अंकित सैनी, राम किशोर सैनी, घनश्याम सैनी, यशपाल, संजीव,



देशराज सभासद और राजवीर समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा और सामाजिक एकता से सराबोर रहा।


## ☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☛

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2026**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :-

**04212/04211 सुलतानपुर – लोकमान्य तिलक (ट) – सुलतानपुर आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04212 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04211 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:00 | सुलतानपुर | 23:00 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 12:20 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 14:35 |

चलने के दिन : 04212 सुलतानपुर से दिनांक 20.05.2026 से 15.07.2026 (प्रत्येक बुधवार) तथा 04211 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 21.05.2026 से 16.07.2026 (प्रत्येक गुरुवार) को।
ठहराव : लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पाचोरा जं., चालीसगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

**04226/04225 वाराणसी जं. – लोकमान्य तिलक (ट) – वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 04226 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04225 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 01:35 | वाराणसी जं. | 02:05 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 12:20 | --- | लोकमान्य तिलक (ट) | --- | 14:35 |

चलने के दिन : 04226 वाराणसी जं. से दिनांक 21.05.2026 से 09.07.2026 (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04225 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 22.05.2026 से 10.07.2026 (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पाचोरा जं., चालीसगांव जं., नाशिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

**04070/04069 आनंद विहार (ट) – शेखपुरा – आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 52 फेरे

| गाड़ी सं. 04070 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनंद विहार (ट) | 23:20 | --- |
| 23:30 | --- | शेखपुरा | --- | 00:30 |

चलने के दिन : 04070 आनंद विहार (ट) से दिनांक 17.04.2026 से 14.07.2026 (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) तथा 04069 शेखपुरा से दिनांक 18.04.2026 से 15.07.2026 (प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार) को।
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं. एवं अस्थावाँ स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

**04620/04619 फिरोज़पुर कैंट – झंझारपुर – फिरोज़पुर कैंट आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 04620 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04619 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:30 | फिरोज़पुर कैंट जं. | 10:40 | --- |
| 23:30 | --- | झंझारपुर जं. | --- | 01:00 |

चलने के दिन : 04620 फिरोज़पुर कैंट जं. से दिनांक 18.04.2026 से 23.05.2026 (प्रत्येक शनिवार) तथा 04619 झंझारपुर जं. से दिनांक 20.04.2026 से 25.05.2026 (प्रत्येक सोमवार) को।
ठहराव : लोहियां खास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद जं., राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., बराड़ा, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नज़ीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर जं., सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनियां, सीतामढ़ी जं., शिशो जं. एवं सकरी जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**04064/04063 नई दिल्ली जं. – गया जं. – नई दिल्ली जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 98 फेरे

| गाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | नई दिल्ली जं. | 08:10 | --- |
| 07:15 | --- | गया जं. | --- | 09:15 |

चलने के दिन : 04064 नई दिल्ली जं. से दिनांक 15.04.2026 से 14.07.2026 (दिनांक 21.05.2026, 23.05.2026 एवं 25.05.2026 को छोड़कर) (सोम, बुध, गुरु, शनि) तथा 04063 गया जं. से दिनांक 16.04.2026 से 15.07.2026 (दिनांक 22.05.2026, 24.05.2026 एवं 26.05.2026 को छोड़कर) (मंगल, गुरु, शुक्र, रवि) को।
ठहराव : टुण्डला, गोविंदपुरी, सूबेदार गंज, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04066/04065 आनंद विहार (ट) – खोरधा रोड – आनंद विहार (ट) आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:30 | आनंद विहार (ट) | 03:40 | --- |
| 11:30 | --- | खोरधा रोड | --- | 15:30 |

चलने के दिन : 04066 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.26 से 11.05.26 (प्रत्येक सोमवार) तथा 04065 खोरधा रोड से दिनांक 21.04.26 से 12.05.26 (प्रत्येक मंगलवार) को।
ठहराव : गाज़ियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदार गंज, मिर्ज़ापुर, पं० दीन दयाल उपाध्याय ज., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, आद्रा, बाँकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड़, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04185/04186 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी – आसनसोल – वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 46 फेरे

| गाड़ी सं. 04185 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04186 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 19:10 | --- |
| 20:45 | 20:50 | वाराणसी जं. | 06:35 | 06:40 |
| 14:30 | --- | आसनसोल | --- | 17:10 |

चलने के दिन : 04185 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से दिनांक 28.06.2026 तक (प्रत्येक रविवार एवं बुधवार) तथा 04186 आसनसोल से दिनांक 29.06.2026 तक (प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार) को।
ठहराव : उरई, पुखरायाँ, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, किऊल जं., झाझा, जसीडीह, मधुपुर जं. एवं चितरंजन स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान, द्वितीय श्रेणी एवं सामान्य

**04127/04128 कानपुर सेंट्रल – गुवाहाटी – कानपुर सेंट्रल विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04127 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04128 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:00 | कानपुर सेंट्रल | 07:30 | --- |
| 13:45 | 13:50 | वाराणसी जं. | 23:05 | 23:15 |
| 19:00 | --- | गुवाहाटी | --- | 22:00 |

चलने के दिन : 04127 कानपुर सेंट्रल से दिनांक 16.04.2026 से 14.05.2026 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04128 गुवाहाटी से दिनांक 17.04.2026 से 15.05.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : फतेहपुर, प्रयागराज, ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी, नवगछिया, कटिहार, बारसोई जं., किशनगंज, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कोचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बंगाईगाँव, बरपेटा रोड, रंगिया एवं कामाख्या स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**01491/01492 पुणे जं. – ह. निज़ामुद्दीन – पुणे जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे जं. | 23:55 | --- |
| 18:30 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 21:25 |

चलने के दिन : 01491 पुणे जं. से दिनांक 17.04.2026 से 10.07.2026 (दिनांक 22.05.2026 को छोड़कर) प्रत्येक शुक्रवार तथा 01492 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 18.04.2026 से 11.07.2026 (दिनांक 23.05.2026 को छोड़कर) प्रत्येक शनिवार को।
ठहराव : लोनावला, कल्याण, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर एवं मथुरा स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**09523/09524 ओखा – शकूर बस्ती – ओखा सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09524 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:20 | ओखा | 13:00 | --- |
| 10:35 | --- | शकूर बस्ती | --- | 13:15 |

चलने के दिन : 09523 ओखा से दिनांक 14.04.26 से 30.06.26 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 09524 शकूर बस्ती से दिनांक 15.04.26 से 01.07.26 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, विरामगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर ज., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य

**04086/04085 मेरठ सिटी जं. – संतरागाछी जं. – मेरठ सिटी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04086 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04085 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:00 | मेरठ सिटी जं. | 17:30 | --- |
| 06:35 | --- | संतरागाछी जं. | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04086 मेरठ सिटी जं. से दिनांक 14.04.2026 तथा 04085 संतरागाछी से दिनांक 16.04.2026 को।
ठहराव : हापुड़ जं., खुर्जा जं., अलीगढ़ जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमोह, महुदा जं., भोजूडीह जं., आद्रा, बांकुड़ा, बिष्णुपुर, मेदिनीपुर, खड़गपुर एवं पाँशकुड़ा जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04679/04680 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – श्रीनगर – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 04679 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04680 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:05 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 19:00 | --- |
| 13:35 | --- | श्रीनगर | --- | 15:10 |

चलने के दिन : 04679 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा तथा 04680 श्रीनगर से प्रतिदिन दिनांक 15.04.2026 तक।
ठहराव : रियासी, संगलदान एवं बनिहाल स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**05048/05047 बनारस – कोलकाता – बनारस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 05048 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05047 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:45 | बनारस | 04:15 | --- |
| 10:55 | 11:00 | वाराणसी जं. | 03:45 | 03:50 |
| 06:15 | --- | कोलकाता | --- | 08:25 |

चलने के दिन : 05048 बनारस से दिनांक 14.04.2026 से 28.04.2026 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 05047 कोलकाता से दिनांक 15.04.2026 से 29.04.2026 (प्रत्येक बुधवार) को।
ठहराव : वाराणसी, औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. इकोनॉमी

**09195/09196 प्रतापनगर – मऊ जं. – प्रतापनगर सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 31 फेरे

| गाड़ी सं. 09195 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09196 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:00 | प्रतापनगर | 03:15 | --- |
| 15:40 | 15:45 | वाराणसी जं. | 02:15 | 02:20 |
| 18:00 | --- | मऊ जं. | --- | 23:25 |

चलने के दिन : 09195 प्रतापनगर से दिनांक 25.07.26 तक (प्रत्येक शनिवार) तथा 09196 मऊ जं. से दिनांक 12.04.26 से 26.07.26 (प्रत्येक रविवार) को।
ठहराव : वडोदरा जं., गोधरा, दाहोद, रतलाम जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., रूपबास, आगरा कैंट, फतेहाबाद, बाह, इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी एवं औंड़िहार जं.।
स्थान : प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**09271/09272 भावनगर (ट) – हरिद्वार – भावनगर (ट) विशेष रेलगाड़ी विशेष किराये पर (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 09271 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09272 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:25 | भावनगर (ट) | 04:35 | --- |
| 15:00 | --- | हरिद्वार | --- | 16:25 |

चलने के दिन : 09271 भावनगर (ट) से दिनांक 12.04.26 से 31.05.26 (प्रत्येक रविवार) तथा 09272 हरिद्वार से दिनांक 13.04.26 से 01.06.26 तक (प्रत्येक सोमवार) को।
ठहराव : सिहोर गुजरात, धोला जं., बोटाद जं., सुरेन्द्रनगर गेट, वीरमगाम जं., अम्बली रोड, गांधीनगर कैपिटल, महेसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, पिंडवाड़ा, फालना, मारवाड़ जं., पाली मारवाड़, लूनी जं., जोधपुर जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., सिवानी, हिसार, भिवानी जं., कलानौर कलां, रोहतक जं., पानीपत जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं. एवं रुड़की स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नई ईवी पॉलिसी का ड्राफ्ट जारी

**2027 से केवल ई-ऑटो व 2028 से चलेंगी सिर्फ इलेक्ट्रिक बाइक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ईवी नीति 2026 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है।

परिवहन विभाग की ओर से जारी इस ड्राफ्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है ताकि आम जनता, विशेषज्ञों और संबंधित हितधारकों से सुझाव लिए जा सकें।

लोग अगले 30 दिनों के भीतर ईमेल या पोस्ट के जरिए अपने सुझाव भेज सकते हैं, जिसके बाद अंतिम नीति तैयार की जाएगी। सरकार का उद्देश्य नई नीति को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाना है, जिसके लिए लोगों की भागीदारी को अहम माना गया है। दिल्ली के आम लोग और ऑटोमोबाइल क्षेत्र के विशेषज्ञ इस पर अपने सुझाव और आपत्तियां दे सकते हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस ड्राफ्ट पर अभिमत और सुझाव नोटिस जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर, यानी 10 मई 2026 तक भेजे जा सकते हैं।

यह पॉलिसी भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 से प्रेरित है, जो स्वच्छ हवा और प्रदूषण मुक्त वातावरण को जीवन के अधिकार का हिस्सा मानती है। इस नीति के मुख्य उद्देश्य सभी वाहन वर्गों में ईवी अपनाने को बढ़ावा देना, चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करना, बैटरी रीसाइक्लिंग सिस्टम विकसित करना और पेट्रोल-डीजल वाहनों पर निर्भरता कम करना हैं। दिल्ली सरकार की प्रस्तावित इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026 में पुराने वाहनों को हटाने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए स्क्रैपिंग प्रोत्साहन का बड़ा प्रावधान किया गया है।मसौदे के अनुसार, जो वाहन मालिक अपने पुराने वाहनों को अधिकृत स्क्रैपिंग सेंटर पर जमा कराएंगे, उन्हें नई इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदने पर आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाएगा।

नीति के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया खरीदने पर 10,000 रुपये, तीन पहिया पर 25,000 रुपये, गैर-परिवहन श्रेणी की इलेक्ट्रिक कार पर एक लाख रुपये और चार पहिया मालवाहक इलेक्ट्रिक वाहन पर 50,000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रस्तावित है।

इस योजना का लाभ लेने के लिए यह अनिवार्य होगा कि पुराना वाहन अधिकृत स्क्रैपिंग के जरिए हटाया गया हो और उसका प्रमाणपत्र जारी किया गया हो। साथ ही, स्क्रैपिंग प्रमाणपत्र जारी होने की तारीख से छह महीने के भीतर नया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना जरूरी होगा, तभी यह प्रोत्साहन लागू होगा।

## मध्यम श्रेणी में हवा बरकरार, एक्यूआई 123

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हवा की दिशा बदलने के चलते मौसम मध्यम श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 123 दर्ज हुआ। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 28 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 192 दर्ज किया गया, यह हवा की मध्यम श्रेणी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से 15 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 3500 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 30000 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, शाम चार बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 127.8 और पीएम2.5 की मात्रा 42.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई।

# हवाई फायर कर छीन ले गए 25 लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष प्लेस में बाइक सवार बदमाशों ने हवा में गोलीबारी कर केमिकल कंपनी के मुंशी से 25 लाख रुपये लूट लिए।

पीड़ित कूचा महाजनी से पेमेंट लेकर जा रहा था। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी के जरिये बदमाशों की तलाश में जुट गई है। नेताजी सुभाष प्लेस स्थित केमिकल कंपनी में मंगल सेन मुंशी के पद पर कार्यरत हैं।

मंगल सेन शुक्रवार शाम कूचा महाजनी से एक कारोबारी से पेमेंट लेकर सुभाष प्लेस लौट रहे थे। तभी नेताजी फ्लाइओवर पर डी-माल के पास बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी। गोली मारने की धमकी देकर पैसे मांगे और विरोध करने पर हवा में दो बार फायरिंग कर बैग छीनकर भाग गए। सूचना पर उत्तरी पश्चिमी जिला उपायुक्त आकांक्षा यादव सहित पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बताया, सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया गया है। पीड़ित ने बताया कि हेलमेट पहने होने की वजह से वह बदमाशों का चेहरा नहीं देख पाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़ित के पेमेंट लेने के बाद से ही बाइक सवार बदमाश उसका पीछा कर रहे थे।

## हरिद्वार में किया सामूहिक अस्थि विसर्जन

**नई दिल्ली।** सुखमनी सेवा ट्रस्ट के अथक प्रयास और राष्ट्रीय सैनिक संस्था व भीम ब्रिगेड ट्रस्ट व अन्य समाज सेवकों के सहयोग से 13वीं बार अज्ञात दिव्यांगता अस्थियों का सामूहिक विसर्जन विधि विधान से 10 अप्रैल 2026 सुबह 8 बजे शिवपुरी से चलकर कनखल सती घाट पर पूरे विधि विधान से किया गया। क्षेत्रीय विधायक अनिल गोयल क्षेत्रीय पार्षद राजू सचदेवा व अन्य समाज सेवकों ने सुबह 8 बजे शिवपुरी से सैकड़ो अस्थियों को हरिद्वार के लिए विदाई में उनके मोक्ष के लिए यह कार्य 13वीं बार सुखमनी सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनी रहेजा, उपाध्यक्ष मंजू चौधरी, कोषाध्यक्ष राजू रहेजा, भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने हर प्रकार से सहयोग दिया।

# कार टच होने के बाद डंडे से कार को क्षतिग्रस्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नॉर्थ रोहिणी इलाके में कार टच होने पर ही एक कार चालक को इतना गुस्सा आया कि उसने बेसबॉल से पीड़ित की कार का फ्रंट का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया और कार में रखा कैमरा तोडकर हजारों रुपये भी निकाल लिये। पुलिस ने पीडिघ्त के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है,जांच की जा रही है अभी किसी की कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक नॉर्थ रोहिणी पुलिस को शुक्रवार रात को झगड़े की कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सफेद रंग की फ्रोक्स कार सडक किनारे खड़ी थी। फ्रंट का शीशा और पीछे की तरफ की साइड क्षतिग्रस्त हालत में थी। कार के मालिक के नाबालिग बेटे विधांस ने बताया कि वारदात के वक्त वह अपने पुराने घर से मधुबन चौक स्थित दूसरे घर पर चालक के साथ कार से जा रहा था। ट्रैफिक जाम होने के कारण वह सर्विस रोड से कार लेकर निकल रहे थे। कुछ ही दूरी पर एक कट था,जहां से वह मधुबन चौक निकल जाते।



**भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के पिताश्री श्याम लाल सचदेवा की स्मृति में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता कीर्तन समागम में शामिल हुए।**

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री कीर्तन समागम में सम्मिलित हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के पिताश्री श्याम लाल सचदेवा की स्मृति में गुरुद्वारा माता सुंदरी में हुए कीर्तन समागम में दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी के प्रमुख रागी सरदार भाई भूपेंद्र सिंह आनंद ने गुरूबानी के शबद गाये और समागम के अंत में दिवंगत श्याम लाल सचदेवा की आत्मा की शांति हेतू अरदास की गई। कीर्तन समागम में सचदेवा परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करने हेतू भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं हजारों कार्यकर्ताओं के साथ ही दिल्ली के सैकड़ों सामाजिक, नागरिक, व्यपारिक संगठनों के आलावा खेल संघों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सुबह निवास पर परि. जनों से मिलकर संवेदना प्रकट की।

कीर्तन समागम में सम्मिलित होने वाले गणमान्य व्यक्तियों में प्रमुख थे भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय मंत्री डा. जितेन्द्र सिंह, गिरिराज सिंह, हर्ष मल्होत्रा, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी बैजयंत पांडा, अरूण सिंह, तरूण चुघ, विनोद तावडे, दिल्ली विधान सभाध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, राजस्थान सरकार में उप मुख्य मंत्री दिया कुमारी, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आदि शामिल हुए।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने संबोधन में कहा कि मैं सबसे पहले स्व. श्याम लाल सचदेवा जी के चरणों में पूरे भाजपा परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और साथ ही सचदेवा परिवार के इस दुख की घड़ी को सहने के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं।

## डीटीयू में कैफे को निविदा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विवि(डीटीयू) में नाइट कैफे(कियोस्क) खोला जाएगा। इसमें ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर, स्नैक्स, बेवरेज आदि की सुविधा मिलेगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है।

यह कैंटीन पूरे हफ्ते सुबह 10 से लेकर रात 11 बजे तक संचा. लित होगा। इस संबंध में निविदा जारी कर दी गई है। कैंटीन संच. ालक के पास दो हजार लोगों का भोजन परोसने का अनुभव होना अनिवार्य है। कैंटीन में शाकाहारी भोजन मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# एलपीजी की मार से बढ़ा कोर्ट मैरिज का चलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलिंडर की कमी के संकट से पार पाने के लिए वेडिंग प्वाइंट के बजाय कोर्ट मैरिज और मंदिरों में सादगीपूर्ण विवाह पर जोर दे रहे हैं। शादी के तय मुहूर्त के बीच गैस की कमी और महंगे सिलिंडर के खर्च से बचने के लिए विवाह टाले नहीं जा सकते हैं। इसलिए लोग इस तरह का विकल्प अपना रहे हैं। एलपीजी की उपलब्धता में कमी के चलते बैंक्वेट हॉल और कैटरिंग सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कई स्थानों पर गैस की कमी के कारण बड़े आयोजन संभव नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों को वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी पड़ रही हैं। ऐसे में दूल्हा-दुल्हन पहले कोर्ट में शादी रजिस्टर करवा रहे हैं और बाद में सीमित संख्या में परिवार के साथ आर्य समाज के मंदिरों में विवाह कर रहे हैं।

परिजनों का कहना है कि एक ओर गैस की कमी है तो दूसरी ओर कुछ बैंक्वेट हॉल डीजल भट्टी के नाम पर अतिरिक्त शुल्क ले रहे हैं, जिससे शादी का खर्च बढ़ रहा है। ऐसे हालात में सादगी से शादी करना ही बेहतर विकल्प है। पिछले कुछ दिनों में कोर्ट मैरिज के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साकेत और तीस हजारी कोर्ट में पहले के मुकाबले अधिक जोड़े अपनी शादी रजिस्टर करवा रहे हैं। यदि एलपीजी संकट जल्द दूर नहीं हुआ, तो आने वाले समय में पारंपरिक शादियों की जगह सादगीपूर्ण और सीमित आयोजनों का चलन और तेजी से बढ़ सकता है।पहले एक दिन में करीब 18 शादियां रजिस्टर होती थीं, लेकिन अब एलपीजी संकट के चलते यह संख्या दोगुनी हो गई है। एलपीजी की कमी और बढ़ते खर्च के कारण लोग पारंपरिक शादियों से हटकर सिविल मैरिज को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## 'डिजिटल अरेस्ट' मामले में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने डिजिटल अरेस्ट और निवेश धोखाधड़ी के मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से एक ऐसे सुसंगठित अंतर-राज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है, जो म्यूल बैंक अकाउंट हासिल करने और धोखाधड़ी से कमाए गए पैसों को कई स्तरों वाले चौनलों के जरिए घुमाने का काम करता था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त अपराध ने बताया कि 17.फरवरी को एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें पीड़ित के साथ डिजिटल अरेस्ट का बहाना बनाकर 47,74, 047/- की धोखाधड़ी की गई थी।

# सेंधमार को पकड़ा, गहने व नगदी भी बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस के ख्याला थाने के स्टाफ ने एक सेंधमार को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से सोने की बालियों के दो जोड़े ,सोने की दो अंगूठिया,98,700/ नगदी, बरामद की है।

दिल्ली के पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने बताया कि 4 अप्रैल को एक घटना रिपोर्ट की गई थी जिसमें शिकायत कर्ता ने घर लौटने पर पाया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ था और सोने के गहनों के साथ-साथ नकदी भी चोरी हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने ख्याला थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी तिलक नगर की देखरेख में एसएचओ ख्याला के नेतृत्व में एसआई मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र और कांस्टेबल शंकर लाल की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान, टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर स्थानीय जानकारी जुटाई गई। इसके बाद टीम ने तकनीकी इनपुट और जमीनी स्तर पर मिली जानकारी के आधार पर, आरोपी कपिल (24) को पकड़ लिया।पुलिस ने उसके पास से सोने की बालियों के दो जोड़े ,सोने की दो अंगूठिया,98,700/ नगदी, बरामद की है।

## 85 मिनट में किया 98 किमी का फासला तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेडिकल की दुनिया में तालमेल और त्वरित रिस्पॉन्स की शानदार मिसाल पेश करते हुए, एक डोनर हार्ट को पीजीआईएमएस रोहतक से फोर्टिस एस्कॉर्ट्स, ओखला, नई दिल्ली के बीच तैयार ग्रीन कॉरिडोर के जरिए मंजिल तक सफलतापूर्वक पहुंचाया गया। इस ग्रीन कॉरिडोर पर 98 किलोमीटर की दूरी दोपहर 2.50 बजे से अपराह्न 4.25 बजे के दौरान महज 85 मिनट में पूरी की गई। नाजुक समय के भीतर किए गए इस हार्ट ट्रांसप्लांट से एक जरूरतमंद मरीज को महत्वपूर्ण जीवनदान मिला है।



**दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा पुलिस मुख्यालय, में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में भाग लेते पुलिस के जवान व अधिकारी।**

# पुलिस मुख्यालय में प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक पेशेवर और टेक्नोलॉजी-आधारित पुलिस बल बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पुलिस मुख्यालय, में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य दिल्ली पुलिस के सभी जिलों और जांच इकाइयों के पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, एसीपी और इंस्पैक्टर के कौशल को बढ़ाना था, ताकि वे उन्नत डिजिटल पुलिसिंग एप्लिकेशन/ पोर्टल, जांच पुलिस उपायुक्त और फोरेंसिक साक्ष्य के संग्रह व संरक्षण में इनका बेहतर उपयोग कर सकें। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव, की देखरे में आयोजित यह सत्र, राजधानी भर में अपराध की रोकथाम, जांच और कानून प्रवर्तन की दक्षता में सुधार के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने के प्रति विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस प्रशिक्षण सत्र में दिल्ली पुलिस के विभिन्न जिलों/इकाइयों से कुल 458 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें 5 पुलिस उपायुक्त,13 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 104 एसीपी और 325 से अधिक इंस्पेक्टर शामिल थे।

# दिल्ली सरकार देगी सरकारी बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहन को प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नई ईवी पॉलिसी में सरकारी बेड़े में भी इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

नीति अधिसूचना के बाद दिल्ली सरकार के अंतर्गत सभी किराए या लीज पर लिए गए वाहन केवल इलेक्ट्रिक होंगे, सिवाय आपातकालीन या विशेष रूप से छूट प्राप्त वाहनों के। इसके अलावा दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और परिवहन विभाग द्वारा शामिल की जाने वाली सभी नई अंतर-राज्यीय बसें भी इलेक्ट्रिक होंगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस नीति को सही तरीके से लागू करने के लिए ईवी फंड बनाया जाएगा। इसमें राज्य का बजट, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं व अनुदान, एयर एम्बियंस फंड, पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क, पीएम ई-ड्राइव योजना, टैक्स और अन्य मंजूर स्रोत शामिल होंगे।

साथ ही, परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली ईवी एपेक्स समिति बनाई जाएगी, जो इस नीति के लागू होने और फंड के इस्तेमाल की निगरानी करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी नीति के लिए कुल 3,954.25 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसमें 1,236.25 करोड़ रुपये वाहन खरीद पर प्रोत्साहन, 1,718 करोड़ रुपये स्क्रैपिंग प्रोत्साहन और 1,000 करोड़ रुपये चार्जिंग ढांचे के विकास पर खर्च किए जाएंगे। खर्च को सालों के हिसाब से भी तय किया गया है।

पहले साल 965.5 करोड़ रुपये, दूसरे साल 1,012.75 करोड़ रुपये, तीसरे साल 1,231.5 करोड़ रुपये और चौथे साल 744.5 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह ड्राफ्ट ईवी नीति 2026 दिल्ली को साफ, हरित और आधुनिक परिवहन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाएगी।

# सीवेज सीधे यमुना में, हालत बदतर : डीपीसीसी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना नदी की हालत एक बार फिर चिंता बढ़ाने वाली हो गई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, मार्च महीने में नदी का प्रदूषण जनवरी और फरवरी की तुलना में और बढ़ गया है। खास तौर पर फीकल कोलीफॉर्म और बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड जैसे अहम मानकों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट से साफ संकेत मिलता है कि बड़ी मात्रा में बिना साफ किया गया सीवेज (गंदा पानी) यमुना में मिल रहा है। फीकल कोलीफॉर्म का स्तर बढ़ना इस बात का संकेत होता है कि पानी में मानव या पशुओं के मल से जुड़ा प्रदूषण ज्यादा है, जो सेहत के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। डीपीसीसी हर महीने यमुना के पानी की जांच करता है। इसके लिए नदी के किनारे आठ अलग-अलग जगहों से सैंपल लिए जाते हैं। इनमें पल्ला, वजी. राबाद, आईएसबीटी ब्रिज, आईटीओ ब्रिज, निजामुद्दीन ब्रिज, हिंडन कट, ओखला बैराज और हरियाणा के असगरपुर जैसे इलाके शामिल हैं।

# लूटपाट का विरोध करने पर 35 साल पहले की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 35 साल पुराने नृशंस हत्या के मामले को सुलझा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लूटपाट का विरोध करने पर हत्या की थी।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) आदित्य गौतम ने बताया कि 02.अगस्त.1991 को, त्रिलोक पुरी थाने में पश्चिम विनोद नगर में चाकू से हमला करने की एक नृशंस घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचने पर, पुलिस ने पीड़िता (लगभग 55 वर्षीय महिला) को बेहोशी की हालत में पाया, जिसके गले पर चाकू से वार के कई घाव थे। उसका बेटा, जिसकी उम्र लगभग 18-20 वर्ष थी, भी घायल अवस्था में मिला, जिसके चेहरे पर चाकू के घाव थे।

दोनों पीड़ितों को तुरंत एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उसका बेटा बच गया। जांच के दौरान,पता चला कि आरोपी छवि लाल वर्मा, जो उस घर में किराएदार था, ने ही हत्या की थी और एक धारदार हथियार (चाकू/चॉपर) का इस्तेमाल करके पीड़िता के बेटे को भी मारने का प्रयास किया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया और बाद में 10.मई 1996 को उसे 'घोषित अपराधी' (, पीओ) घोषित कर दिया गया। इसके बाद एसीपी रमेश चंद्र की देखरेख में इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व में टीम को आरोपी को पकड़ने का कार्य सौंपा गया। टीम ने आरोपी के मूल निवास स्थान पर पूछताछ और जांच-पड़ताल की। इसी बीच टीम ने विश्वसनीय जानकारी के आधार पर,आरोपी छवि लाल वर्मा को लुधियाना से पकड़ लिया।

## 'प्रोजेक्ट संगम' बनेगा सड़क सुरक्षा की नई राह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली मे ष्प्रोजेक्ट संगमष की शुरुआत की है इसी कड़ी मे पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के ओसवाल भवन मे ट्रैफिक पुलिस पूर्वी रेंज द्वारा संवाद के जरिए जनता के बीच यह जानकारी सांझा की ओर इस शुरुआत के लाभ बताए, इस कार्यक्रम मे नुक्कड़ नाटक द्वारा यातायात के नियम समझाए गए। कार्यक्रम मे उपस्थित डीसीपी पूर्वी रेंज के. रमेश ने बताया प्रोजेक्ट संगम का मुख्य उद्देश्य जनता से सीधा जुड़ाव स्थापित करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके। डीसीपी के.रमेश ने बताया कि इस पहल के तहत ट्रैफिक पुलिस और आम जनता के बीच एक मजबूत संवाद स्थापित किया जा रहा है "प्रोजेक्ट संगम" एक पुल की तरह काम करेगा, जो पुलिस और नागरिकों के बीच की दूरी को कम करेगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सं० 46265133 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Supply and installation of set of aerosol based fire detection and suppression system (cartridge, sensor, clamps). Details as per Annexure-1. As per technical specification of RDSO no. RDSO/PE/SPEC/AC/0192-2018(Rev 1) annexure G- 1, and RDSO letter no. EL/7.1.108/MSSBC dated 17-09-2021. Location of installation in EMU/MEMU motor coaches will be as per RDSO letter no. EL/0.3.1 dated 19-09-2023 and letter no EL/0.3.1 dated 17.09.2025 |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 5524524/- |
| 3 | मात्रा | 01 सेट |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 15.05.2026 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 15.05.2026 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं। एनआईटी सं. 46265133 दिनांक:-10-04-2026 1221/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए डीएम ने की अपील




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद में औद्योगिक शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यालय सेक्टर-27 नोएडा के सभागार में सेवायोजकों/कारखाना प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संवाद के माध्यम से श्रमिकों के हित में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्गत गाइडलाइंस को प्रत्येक कंपनी के नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से चस्पा किया जाए, जिससे श्रमिकों में किसी प्रकार की आशंका या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने शासन की गाइडलाइन के संबंध में स्पष्ट किया कि किसी भी श्रमिक को अनावश्यक रूप से सेवा से नहीं निकाला जाएगा। ओवरटाइम का भुगतान दुगनी दर से किया जाएगा तथा उसमें किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। प्रत्येक श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश प्रदान किया जाएगा और यदि रविवार को कार्य कराया जाता है तो उसका भुगतान भी दुगनी दर से किया जाएगा। सभी श्रमिकों को नियमानुसार बोनस का भुगतान अधिकतम 30 नवंबर तक उनके बैंक खातों में सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक कारखाने में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति गठित की जाएगी, जिसकी अध्यक्ष महिला होगी। साथ ही शिकायत पेटी की स्थापना कर श्रमिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रत्येक श्रमिक का वेतन प्रत्येक माह की 10 तारीख के भीतर एकमुश्त भुगतान किया जाएगा तथा सभी को वेतन पर्ची अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। आंदोलन में सम्मिलित किसी भी श्रमिक या प्रतिनिधि के विरुद्ध कोई उत्पीड़नात्मक अथवा सेवा समाप्ति की कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित या लागू की जाने वाली वेतन वृद्धि को प्रभावी तिथि से ही सभी श्रमिकों को प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त सेवायोजकों एवं कारखाना प्रबंधन को निर्देशित किया कि उपरोक्त सहमत बिंदुओं का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिकों के अधिकारों का हनन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अनुपालन की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

ताकि जनपद में औद्योगिक शांति एवं समन्वय बना रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो श्रमिक कार्य करना चाहते हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, जो श्रमिक कार्य नहीं करना चाहते हैं, उनसे कारखाना प्रबंधन द्वारा सौहार्दपूर्ण वार्ता कर शासन की गाइडलाइन के अनुरूप उन्हें समुचित जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कारखानों के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे श्रमिकों की सुविधा के लिए क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं तथा किसी भी श्रमिकों को असुविधा की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# जीएसटी अधिकारियों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राज्य कर विभाग गौतमबुद्ध नगर के एक दर्जन अधिकारियों पर वित्तीय गड़बड़ी करने के आरोपों के मामले की जांच पूरी हो गई। जांच अधिकारी अलीगढ़ मंडलायुक्त ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। यह मामला अपर आयुक्त आईएएस संदीप भागिया से भी जुड़ा है। इस मामले में आरोपी अधिकारियों ने अपर आयुक्त के खिलाफ शोषण का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोला था।जीएसटी सूत्रों से मिली जानक. री के मुताबिक शासन की ओर से नियुक्त जांच अधिकारी अलीगढ़ मंडलायुक्त संगीता सिंह ने जांच रिपोर्ट प्रमुख सचिव जीएसटी कामिनी रतन चौहान को भेजी है।

बताया जाता है कि जांच रिपोर्ट नकारात्मक है। इसके आधार पर शासन इसी माह आदेश जारी कर सकता है। दूसरी ओर, नोएडा राज्य जीएसटी विभाग में भी इस मामले में जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी।इस समिति ने जांच के आधार पर रिपोर्ट तैयार की थी और इसे मंडलायुक्त को भेजा था। जांच पूरी होने के बाद मंडलायुक्त ने इन फाइलों को नोएडा कार्यालय को वापस भेज दिया है। यह फाइलें कार्यालय में प्राप्त हो गई हैं। अपर आयुक्त राज्यकर गौतमबुद्ध नगर नोएडा जोन का कार्यभार संभाल रहे ज्वाइंट कमिश्नर केके राय ने कहा कि जांच रिपोर्ट के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। वहीं, इस मामले में आरोपी अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोप बेबुनियाद हैं। वे शासन के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

**यह है मामला:** बीते साल सितंबर में राज्य कर विभाग गौतमबुद्ध नगर के अपर आयुक्त आईएएस संदीप भागिया पर शोषण और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोला।

इसके बाद आधा दर्जन अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। वित्तीय गड़बड़ियों कर सरकार को राजस्व हानि पहुंचाने का आरोप में इन्हें निलंबित करने की तैयारी थी। इस मामले में छह अधिकारियों के खिलाफ जांच करीब दो माह से विभागीय जांच चल रही थी। इसकी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी थी। बीते साल 11 अगस्त को एक पान मसाला भरे ट्रक को कम टैक्स वसूलकर छोड़ने की जांच पूरी होने के बाद तबादले की कार्रवाई करने की जानकारी उच्च अधिकारियों ने दी गई थी। आरोप था कि जांच में शामिल सचल दल अधिकारियों ने माल के एवज में कम टैक्स चोरी और कम जुर्माना लगाया।

# 19 नए बिजली सब स्टेशन बनाने की मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लोगों को बिना रुकावट बिजली की आपूर्ति के लिए 9 सेक्टरों में 33/11 केवी के 19 नए सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बिजली निगम की टीम ने नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग के साथ जमीन चुन ली है। इसी माह निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। शहर में स्काडा योजना के तहत बिजली ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए 33/11 केवी के सेक्टर-8, 63, 65, 80, 81, 94, 106, 132 सेक्टर-140 में 33/11 केवी के बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इसके लिए बीते दिनों प्राधिकरण सीईओ ने भी पत्र का संज्ञान देते हुए विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को उपकेंद्रों के निर्माण के लिए भूमि चिह्नित करके उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, ताकि बिजली उपकेंद्र बनाने का कार्य जल्द शुरू हो सके।

**चार लाख घरों को मिलेगी राहत:** इससे जिले के साढ़े चार लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति में मदद मिलेगी। इसके बाद सेक्टरों में जमीन चिह्नित करने का कार्य शुरू किया गया है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार जल्द ही जमीन चिह्नित होने के बाद उपकेंद्र बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

वहीं जिले में गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ जाती है। शहर में हर साल बिजली की मांग में इजाफा भी हो रहा है। जिले में बिल्डर सोसायटी, संस्थान और औद्योगिक इकाइयों को देखते हुए हर वर्ष बिजली की मांग में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में बिजली की मांग तीन हजार मेगावाट से अधिक पहुं. चने की उम्मीद है। उसी को ध्यान में रखकर उपकेंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है, ताकि उपकेंद्रों पर बिजली का अतिरिक्त लोड बढ़ने के बजाय नए उपकेंद्रों से आपूर्ति दी जा सके। महाप्रबंधक विद्युत यांत्रिकी आरपी सिंह ने बताया कि योजना पर इसी माह काम शुरू हो रहा है।

**इन सेक्टरों में बनेंगे बिजली सब स्टेशन:** शहर में 33/11 केवी की क्षमता के 19 नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे। ये उपकेंद्र सेक्टर-आठ, 63, 65, 80, 81, 94, 106, 132 और सेक्टर-140 में बनाए जाएंगे। साथ ही उपकेंद्रों पर 10-10 एमवीए की क्षमता के दो-दो ट्रांसफार्मर भी लगेंगे।

अभी पूरे जिले में 108 बिजली उपकेंद्रों से बिजली सप्लाई दी जा रही हैं। इनकी क्षमता भी 2294 एमवीए है। बिजली उपकेंद्र ओवर लोड होने पर उपकेंद्रों से निरंतर बिजली देने में दिक्कतें आती है।

# स्कॉर्पियो के चारों टायर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में एक स्कॉर्पियो गाड़ी के चारों टायर चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी को जैक पर खड़ा कर टायर चुरा लिए और फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के नई आबादी मोहल्ले की है। शहाब. ुद्दीन अंसारी ने कुछ दिन पहले ही एक नई स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदी थी। उन्होंने रात में अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह गाड़ी लेने आए, तो देखा कि गाड़ी के चारों टायर गायब थे और गाड़ी जैक पर खड़ी थी।

अंसारी ने जब अपने घर के सीसीटीवी कैमरे चेक करने की कोशिश की, तो पाया कि कैमरे का तार कटा हुआ था। उन्होंने तुरंत इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। शहाबुद्दीन अंसारी ने बताया कि रात में गाड़ी सही सलामत खड़ी थी, लेकिन सुबह उसके चारों टायर गायब मिले।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत दर्ज की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

## एक नजर

### 18 दिनों में 700 लोगों ने कराई टीबी की जांच, छह में मिले लक्षण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग की ओर से चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान में बीते 18 दिनों के दौरान करीब 700 लोगों ने जांच कराई है। इनमें करीब छह मरीजों में टीबी के लक्षण मिले। विभाग के अनुसार, सभी चिह्नित मरीजों का इलाज शुरू कर दिया है। विभाग के डॉट्स सेंटर के इंचार्ज डॉ. गौरव सक्सेना ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी नियंत्रित की जा सकती है। इसमें लगातार खांसी आना, बुखार रहना, वजन कम होना और रात में अत्यधिक पसीना जैसे प्रमुख लक्षण शामिल हैं। इस अभियान के जरिए टीबी से होने वाले नुकसान और लक्षण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि अस्पताल में टीबी की जांच और उपचार पूरी तरह नि:शुल्क है।

### कार की टक्कर से दो कर्मचारी चोटिल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा की एक कंपनी में ड्यूटी करने आ रहे बाइक सवार दो युवकों दीपक और शिवमको सोरखा गांव के निकट एफएनजी रोड पर एक तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के राहुल विहार निवासी विशाल कुमार ने पुलिस को बताया कि ताऊ का लड़का दीपक और पड़ोसी शिवम दोनों नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करते हैं। वह रोजाना बाइक से ऑफिस जाते हैं। आठ अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे दोनों कंपनी जा रहे थे। जैसे ही वह एफएनजी रोड पर पहुंचे तो एक कार के चालक के ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को किसी तरह अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार के नंबर के आधार पर चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### खराब एसी भेजने पर न्यायालय के आदेश पर दो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के सेक्टर ज्यू-3 में अमेजॉन से एसी खरीदा गया था। खराब एसी लगा दिया गया, जिसकी शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में न्यायालय के आदेश पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसीपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दादरी कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर ज्यू-3 में जागृत सिंह परिवार के साथ रहते हैं। न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि अमेजॉन से वोल्टास का एसी खरीदा था। दो लोग एसी लगाने के लिए आए। उन्होंने कंपनी के सर्विस सेंटर से आना बताया। एसी लगाकर चले गए। जब एसी ने कूलिंग नहीं की तो उसे चेक किया गया। जांच के दौरान उसमें करंट आ रहा था। कस्टमर केयर पर शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैनेजर का नंबर दिया गया। जब मैनेजर से बात की तो उन्होंने भी जवाब नहीं दिया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की गई।

# फ्लैट पर नहीं दिया कब्जा, ब्याज समेत रकम लौटाएगा बिल्डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पांच साल में फ्लैट का कब्जा नहीं देने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने बिल्डर को खरीदार की जमा धनराशि 6 प्रतिशत ब्याज सहित 30 दिन के भीतर लौटाने का आदेश दिया है। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा की पीठ ने सुनवाई के बाद दिया।

ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी छोले लाल प्रसाद ने 30 जुलाई 2022 को सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध किया था। इसके तहत बिल्डर की परियोजना एनआरआई लेकसिटी, काशीपुर रोड, रुद्रपुर (जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखंड) में दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट देने का अनुबंध हुआ था। फ्लैट की कीमत 9.75 लाख रुपये तय की गई थी।

अनुबंध के अनुसार बिल्डर को पांच साल के भीतर फ्लैट का कब्जा देना था, अन्यथा पूरी धनरा. शि ब्याज सहित लौटानी थी। खरीदार ने कुल 7,02,460 रुपये का भुगतान कर दिया, लेकिन तय समय तक न तो फ्लैट दिया गया और न ही निर्माण कार्य शुरू हुआ। 28 फरवरी 2023 तक कोई सूचना न मिलने पर खरीदार ने मौके पर जाकर जांच की, जहां पाया कि निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हुआ था। इसके बाद उन्होंने बिल्डर को नोटिस भेजा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

## कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कस्बे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कस्बे में रहने वाला विनय कुमार बुधवार की सुबह अपपक एक कर्मचारी बलराम शर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। कस्बे में एक कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां इलाज के दौरान घायल विनय कुमार की मौत हो गई।

# हॉस्टल में मुझे अकेला रखा, रात मुझे आते बुरे सपने नामी कॉलेज पर छात्रा ने लगाया शोषण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित एक निजी इंस्टीट्यूट की नर्सिंग की छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया गया। छात्रा ने आपबीती की एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर की है। वीडियो में प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक गांव की रहने वाली युवती नॉलेज पार्क स्थित एक निजी संस्थान में जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) की पढ़ाई कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक छात्रा का आरोप है कि इंस्टिट्यूट प्रबंधन ने उसे परेशान किया गया। उसका शोषण किया। हॉस्टल से उसे निकाल दिया गया। हॉस्टल में वह तीन छात्राओं के साथ रहती थी। इसके बाद उसे अकेला रहने को मजबूर किया और रात में वह डरने लगी। छात्रा ने इंस्टिट्यूट प्रबंधन से अपनी फीस वापसी की मांग की तो उसकी फीस वापस नहीं की गई। वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। माता-पिता को बुलाकर प्रबंधन ने उनके सामने बेइज्जत किया।

**छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश:** छात्रा ने वीडियो में पूरे घटनाक्रम का जिक्र किया है। इसके साथ ही कुछ फोटो भी शेयर की है। बताया जा रहा है कि छात्रा ने परेशान होकर आत्महत्या की कोशिश की है। छात्रा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया और जांच शुरू की।

**कॉलेज बोला- प्रथम वर्ष में फेल हुई तो मांगने लगी फीस वापस:** पुलिस की शुरुआती जांच में इंस्टिट्यूट से जानकारी करने पर पता चला है कि छात्रा प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। परीक्षा में फेल होने पर फीस वापसी की मांग कर रही है। हॉस्टल में छात्रा पर साथ रहने वाली कुछ सहपाठियों ने आरोप लगाए। इसके चलते उसने हॉस्टल में रहना बंद कर दिया। छात्रा अपने घर से आने जाने लगी। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में सड़क छह लेन की होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जीटा-वन एटीएस गोलचक्कर से 130 मीटर चौड़ी सड़क तक आवाजाही और सुगम हो जाएगी। इस सड़क को छह लेन का किया जाएगा। प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। उच्चाधिकारियों से सैद्धांतिक और प्रशासनिक मंजूरी मिलने पर जल्द निविदा जारी की जाएगी।प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए शहर की प्रमुख सड़कों को चौड़ी करने की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। एटीएस सोसाइटी से मकौड़ा गोलचक्कर तक की सड़क के छह लेन होने से आसपास के सेक्टरों और क्षेत्र के गांवों के लोगों को फायदा होगा। यह सड़क अभी चार लेन की है। मकौड़ा गोलचक्कर 130 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित है। पिछले छह से सात सालों के दौरान शहर की आबादी बढ़ने से इस रास्ते पर भी वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। इसे देखते हुए परियोजना विभाग ने दो किलोमीटर लंबी सड़क को चौड़ी कर छह लेन करने की योजना बनाई है। इस पर आने वाले खर्च का आकलन कर लिया गया है। निविदा जारी होने के बाद दो माह में काम शुरू होने की उम्मीद है। सड़क के छह लेन होने से साकीपुर और जैतपुर गांव के अलावा आम्रपाली, एसोटेक, एसकेएस, मिग्सन आदि सोसाइटियों में रहने वाले लोगों को फायदा होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट, दादरी, सूरजपुर और तिलपता की तरफ जाने वाले लोगों के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को भी आसानी होगी।



शहर की जिन सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव रहता है, उन्हें चौड़ी करने का काम किया जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होने के बाद ट्रैफिक का दबाव और बढ़ जाएगा। ऐसे में 130 मीटर सड़क को जोड़ने वाली सभी सड़कों को चौड़ी किए जाने की योजना बनाई गई है। इस संबंध में परियोजना विभाग को निर्देश दिए गए हैं। इससे भविष्य में भी जाम की समस्या नहीं होगी।

**- रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा**

## कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कस्बे में तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कस्बे में रहने वाला विनय कुमार बुधवार की सुबह अपपक एक कर्मचारी बलराम शर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। कस्बे में एक कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां इलाज के दौरान घायल विनय कुमार की मौत हो गई।

# 15 सड़कों को बनाया जाएगा डस्ट फ्री जोन, प्रदूषण पर लगेगी लगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्राधिकरण ने एक अहम कदम उठाया है। शहर की प्रमुख सड़कों को अब डस्ट फ्री जोन में तब्दील किया जाएगा।

दिल्ली में हुई कमिशन फार एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की बैठक में नोएडा प्राधिकरण को साफ निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों से उड़ने वाली धूल को कम करने के लिए ठोस उपाय किए जाएं। इसी के तहत प्राधिकरण ने शहर की 15 प्रमुख सड़कों को चिह्नित किया है, जिन्हें डस्ट फ्री बनाया जाएगा। इनमें अशोक नगर से सेक्टर-37 बाटेनिकल गार्डन तक का मार्ग, रोड नंबर-6 सहित अन्य व्यस्त सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों पर लगातार ट्रैफिक रहता है, जिससे धूल प्रदूषण का स्तर अधिक रहता है।

**30 किमी लंबी सड़कों को किया जाएगा डस्ट फ्री:** प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि पहले चरण में करीब 30 किलोमीटर लंबी सड़कों को डस्ट फ्री किया जाएगा। इसके लिए सड़को के दोनों और घास की पूरी पट्टी बिछाई जाएगी। जिस पर नियमित पानी का छिड़काव होगा।

**धूल उड़ने की समस्या को रोका जाएगा:** बता दें कि इससे पहले भी प्राधिकरण ने नोएडा में कई सड़कों को डस्ट फ्री किया है। हालांकि, बीच में इस योजना को रोक दिया गया था।

# कार छूने पर विवाद 10 लोगों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक कार के दूसरी कार से छू जाने को लेकर हुए विवाद में 10 लोगों पर जानलेवा हमला और लूटपाट का आरोप लगा है। दौला रजपुरा गांव निवासी पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना में पीड़ित पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित शेरदिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात वह अपने परिवार के चार अन्य सदस्यों के साथ कार से जा रहे थे। मंडपा गांव के पास रास्ते में खड़ी एक कार से उनकी गाड़ी हल्की टकरा गई। इस मामूली बात पर कार चालक ने अपने साथियों को बुला लिया।

इसके बाद सभी हमलावरों ने मिलकर शेरदिन और उनके साथियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कार में सवार सभी लोगों के साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। उन्होंने कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और करीब 15 हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मंडपा गांव निवासी शोएब उर्फ काले, संजय, शाहरुख, इंतजाम और बबलू समेत पांच नामजद तथा अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# फिनटेक हब के लिए कंपनी की तलाश तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना सिटी के सेक्टर-11 में विकसित होने वाले फिनटेक हब के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। कंपनी की तलाश की जा रही है। इसके लिए जारी की गई रुचि की अभिव्यक्ति यानी एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) में कंपनियां 29 अप्रैल तक प्रस्ताव दे सकती है। पहले दो अप्रैल तक प्रस्ताव जमा करने की तारीख तय की गई थी।अधिकारी के मुताबिक 24 और 25 अप्रैल को ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों का एक बड़ा कार्यक्रम है।

इसे देखते हुए प्रस्ताव देने की तारीख बढ़ाई गई है। यमुना प्राधिकरण ने फिनटेक हब क्षेत्र के सेक्टर-11 में 500 एकड़ में विक. सित करने की योजना बनाई है। वित्तीय प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियों, स्टार्टअप्स और संस्थानों को निवेश करने का मौका मिलेगा। कंपनियां नवाचार, अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में काम कर सकेंगी। इस परियोजना के माध्यम से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। अधिकारी के मुताबिक ईओआई जारी कर योग्य विकासकर्ताओं और भागीदारों का चयन किया जाएगा।

# गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में पांच करोड़ का फर्जीवाड़ा

**तत्कालीन रजिस्ट्रार समेत 12 कर्मचारियों पर केस दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी (जीबीयू) में 5 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के बाद यूनिवर्सिटी के वर्तमान रजिस्ट्रार प्रभारी सीके सिंह ने ईकोटेक-1 कोतवाली में 12 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।




शिकायतकर्ता के अनुसार, यूनिवर्सिटी में डॉ. विकास त्रिपाठी का कार्यकाल लगभग पांच वर्ष का था। अभी पिछले एक वर्ष के कागजों की जांच हुई है, जिसमें करीब 5 करोड़ रुपये का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। आशंका है कि पूरे पांच वर्ष की जांच होने पर फर्जीवाड़े की राशि और बढ़ सकती है। इस मामले में तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी, तत्कालीन वित्त अधिकारी नीरज कुमार, तत्कालीन लेखाधिकारी शैलेंद्र कुमार, मुदित कुमार, विजय प्रताप सिंह, मुकेश पांडे, शिव कुमार खत्री, शिवम, संदीप, श्याम, नवीन और सुभाष सहित 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि इन आरोपियों ने छात्रों द्वारा जमा की गई फीस को कथित तौर पर हड़प लिया। उन्होंने जमा फीस की नकली यूपीआई लेनदेन रसीद को यूनिवर्सिटी के शुल्क संग्रह सॉफ्टवेयर में दर्ज किया, जिससे शुल्क लिए जाने का दिखावा किया जा सके। जांच में यह सामने आया है कि वास्तविक जमा राशि यूनिवर्सिटी के बैंक खाते में नहीं पहुंची। ईकोटेक-1 कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रभारी की शिकायत पर 12 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# 1.13 करोड़ की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

**–कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और नारकोटिक्स टीम को मिली बड़ी कामयाबी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सक्रिय थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नारकोटिक्स टीम और थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारसी मोड़ से एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये कीमत की 565 ग्राम हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के सख्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में भारसी मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रोककर पूछताछ की, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें युवक के कब्जे से 565 ग्राम अवैध हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा 1800 रुपये की नकदी बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये आंकी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।



पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीबू पुत्र जब्बार निवासी दहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सक्रिय कार्यशैली और कुशल नेतृत्व के चलते यह कार्रवाई संभव हो सकी। क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ उनकी सख्त नीति और निरंतर निगरानी के कारण तस्करों में भय का माहौल बना हुआ है। ,स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## प्रधान पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी मे दो दिन पूर्व दो पक्षों में मारपीट हो गई थी स जिसके बाद पीड़ित गय्यूर ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीती रात प्रधानपति सलीम कुरैशी, उनके भाई नदीम कुरैशी, और बबलू सैयद तीनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वही पीड़ित पक्ष ने कादरगढ़ चौकी पुलिसकर्मियों पर घर में घुस कर तोड़फोड़ और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप भी लगाया था। पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए व्यवहार से गांव में पुलिस के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है।

# महाविद्यालय में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हिन्दू महिला महाविद्यालय में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई देना और नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने शास्त्रीय, फ्यूजन व आधुनिक नृत्य, गीत, समूहगान, नाटिका, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी राउंड एवं परिचय कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर मिस फेसर का खिताब अक्षा, मिस फेयरवेल पायल भारद्वाज, मिस ब्यूटी दिव्यांशी चंद्रा, मिस यूनिक अभिशा गोयल तथा मिस परफेक्ट




का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। अंतिम वर्ष की। छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय से जुड़ी यादों को ताजा किया। नवप्रवेशित छात्राओं का वरिष्ठ छात्राओं द्वारा फूलों से स्वागत किया गया और उन्हें कॉलेज की परंपराओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्राओं का आत्मवि श्वास और रचनात्मकता साफ झलकी। समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग ने कहा कि छात्राओं के प्रस्तुत कार्यक्रमों और भावनात्मक संदेशों में प्रेम, आभार और नई शुरुआत की उम्मीद दिखाई देती है। उन्होंने सभी छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों का संस्था को मजबूत बनाने में योगदान के लिए आभार जताया।

# झाड़खेड़ी प्रकरण में कार्रवाई शुरू, साधु की तहरीर पर पांच दिन बाद केस दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में साधु की कुटिया में आग लगाए जाने के मामले में पुलिस ने साधु की तहरीर पर पांच दिन बाद किया मुकदमा दर्ज। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैं।

पीड़ित योगी राहुल नाथ (शिष्य बादल नाथ) ने बताया कि विगत 6 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे वह अपनी कुटिया में सो रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान अज्ञात लोगों ने कुटिया में आग लगा दी थी। आग की तेज लपटों और गर्मी से उनकी नींद खुली और उन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई थी। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई थी। साधु ने परिजनों व ग्रामीणों को सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था, लेकिन तब तक कुटिया में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। पीड़ित ने गांव के कुछ लोगों पर आगजनी का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज नहीं किया था। लगातार प्रयासों के बाद अब पांच दिन बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। राहुल नाथ ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना है कि घटना के बाद से वह भय के साये में जी रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सेंट आरसी निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सेंट आर.सी. साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं के मानसिक व लेखन विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक, जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के तहत प्राथमिक वर्ग में कक्षा 3 के लिए (मेरा मित्र), कक्षा 4 के लिए (मेरा विद्यालय) और कक्षा 5 के लिए (हमारा प्यारा भारतवर्ष) विषय निर्धारित किए गए। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 के लिए (स्वतंत्रता दिवस), कक्षा 7



के लिए (स्वास्थ्य और व्यायाम) तथा कक्षा 8 के लिए (भ्रष्टाचार) विषय दिए गए। वहीं सीनियर वर्ग में अंग्रेजी निबंध लेखन के अंतर्गत कक्षा 9 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ बुक्स) कक्षा 10 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ गुड वैल्यूज), कक्षा 11 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ सेल्फ स्टडी) और कक्षा 12 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ टेक्नोलॉजी इन मॉडर्न लाइफ) विषय रखे गए। छात्र-छात्राओं ने सुंदर सुलेख, शुद्ध व्याकरण और प्रभावी भाषा शैली के साथ अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य यशस्वी पंवार ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गति. विधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, जिससे उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशांत शर्मा, शुभम कर्णवाल, प्रभाग गर्ग, विवेक चौहान, अंकित चौहान, अमित ठाकुर, अमित तोमर, अजेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, शाहरुख खान, अजय कुमार, मीनाक्षी चौधरी, कल्पना तोमर, ममता शर्मा, आरती शर्मा, रीतू चौहान, लीना शर्मा, मरियम सिद्दीकी, ऊषा अग्रवाल, परमजीत कौर समेत समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। मीडिया प्रभारी प्रदीप कौशिक ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की शैक्षिक व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

# नवनिर्मित सड़क का किरणपाल ने काटा फीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला देहात में नवनिर्मित सीसी सड़क का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। एमएलसी किरणपाल कश्यप फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को जलभराव और टूटी सडकों से निजात मिल सकेगी।

शनिवार को एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कार्यक्रम के दौरान कैम्प कार्यालय पर समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर व क्ताओं ने उनके जीवन, सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। अपने संबोधन में



एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और आमजन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सके। इसके बाद उन्होने कांधला देहात में नवनिर्मित सीसी सड़क का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को जलभराव और टूटी सडकों से निजात मिल सकेगी। इस मौके पर गौरव कश्यप सहित सुरेन्द्र कश्यप, चन्द्रपाल कश्यप, संजीव राठी, धीरज प्रधान, दीपक कश्यप मौजूद रहे।

# गैर जमानती वारंटी हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गैर जमानती वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कैराना पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के निर्देशन में चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना कैराना पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर ग्राम अलीपुरा निवासी अजय कुमार पुत्र नरेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से वारंटी चल रहा था और उसकी



गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। आखिरकार पुलिस टीम ने उसे दबोचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि उसे नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में गैर जमानती वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## नौकरी दिलाने के नाम पर हुई ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव औरंगाबाद उर्फ गंदेवड़ा निवासी राहुल पुत्र बिरम सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबरों से कॉल आई थी। कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने उसे रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने का लालच दिया। आरोप है कि झांसे में आकर उसने रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 1,05,500 रुपये आरोपी के बताए अनुसार जमा कर दिए। कुछ समय बाद जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कभी धूप-कभी बादल से बढ़ी किसानों की चिंता

**☐ बारिश के डर से तेज हुई गेहूं कटाई।**
**☐ कंबाइन मशीन का हो रहा है अधिक प्रयोग।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंता बढ़ा रखी है। कभी तेज धूप तो कभी अचानक बादल छा जाने की स्थिति से गेहूं की फसल पर संकट मंडराने लगा है। बारिश की आशंका को देखते हुए किसान अब तेजी से गेहूं की कटाई में जुट गए हैं ताकि फसल को किसी संभावित नुकसान से बचाया जा सके। किसानों का कहना है कि यदि इस समय बारिश हो जाती है तो कटी हुई या खड़ी फसल दोनों को नुकसान हो सकता है। यही कारण है कि किसान जोखिम उठाने के बजाय जल्द से जल्द कटाई पूरी करना चाहते हैं। इस भागदौड़ में अब पारंपरिक तरीके से मजदूरों के जरिए कटाई कराने के बजाय मशीनों का उपयोग तेजी से बढ़ा है।कई किसानों का मानना है कि मजदूरों से गेहूं की कटाई में अधिक समय लगता है जबकि मौसम हर पल बदल रहा है। ऐसे में कंबाइन मशीनों के जरिए कम समय में ज्यादा क्षेत्र की कटाई संभव हो पा रही है। इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि संभावित बारिश से फसल को बचाने में भी मदद मिल रही है। हालांकि कुछ छोटे किसान अभी भी मजदूरों के सहारे ही कटाई कर रहे हैं लेकिन वे भी मौसम को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम साफ रहा तो नुकसान से बचा जा सकता है लेकिन लगातार बदलते हालात ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय फसल पूरी तरह पक चुकी है, इसलिए जल्द कटाई करना ही बेहतर विकल्प है। उन्होंने किसानों को मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखते हुए फसल की कटाई और भंडारण समय से पूरा करने की सलाह दी है। मौसम का कोई भरोसा नहीं है, कभी धूप तो कभी बादल आ जाते हैं। बारिश के डर से हम लोग तेजी से गेहूं की कटाई कर रहे हैं और जहां संभव है मशीन का सहारा ले रहे हैं। मजदूरों से कटाई में समय ज्यादा लगता है इसलिए इस बार कंबाइन मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि फसल जल्दी सुरक्षित हो जाए और बारिश से नुकसान भी न हो।

# मिशन शक्ति अभियान में किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम लोकेश कुमार, रविता द्वारा थाना थानाभवन के ग्राम मंनटी हसनपुर के माध्यमिक स्कूल में बालिकाओं व महिलाओं को तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरुकता अभियान चलाकर आपराधिक कानूनों से महिलाओं को सशक्तिकरण साइबर क्राइम धोखाधड़ी छेड़खानी बाल अपराध तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं सम्वधी व हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वूमेन पावर 181 महिला



हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातक. ालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा तथा आदि योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना समूह विवाह योजना व ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया । प्राइमरी स्कूल के सामने जलभराव व कूड़े का ढेर, बच्चों और राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें।

## रिक्शा को लेकर हुए विवाद में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना क्षेत्र के मोहल्ला आल कला निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 9 अप्रैल को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली से ट्रेन द्वारा शाम करीब 4 बजे शामली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद वह एक रिक्शा में बैठ गए, लेकिन चालक अन्य सवारियां लेने के लिए वापस स्टेशन की ओर चला गया। जल्दबाजी के चलते संदीप अपने परिवार सहित दूसरे रिक्शा में बैठ गए। इसी दौरान पहले वाला रिक्शा चालक सुमित वहां पहुंच गया और उन्हें अपने रिक्शा में बैठने के लिए दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने संदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी और घूंसे मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी गाली-गलौज की गई। पीड़ित के अनुसार कुछ ही देर में रिक्शा मालिक शिवम भी मौके पर पहुंच गया और उसने भी मारपीट में साथ देते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना में संदीप के नाक व माथे पर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कीचड़ और गंदगी के बीच स्कूल जाने को मजबूर छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव लतीफगढ़ स्थित प्राइमरी स्कूल के सामने जलभराव और कूड़े के ढेर ने गंभीर समस्या का रूप ले लिया है। हालात ऐसे हैं कि छोटे-छोटे बच्चों को कीचड़ और गंदगी के बीच से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है, जिससे न केवल उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि स्कूल के मुख्य द्वार के ठीक सामने पिछले कई दिनों से पानी जमा है। जलभराव के कारण सड़क पर कीचड़ फैल गया है और उसी के बीच कूड़े का ढेर भी लगा हुआ है। ऐसे में बच्चों को रोजाना इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश या पानी भरने के बाद स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे कई बार बच्चे फिसलकर गिर भी जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्कूल आने वाले बच्चों के अभिभावक इस स्थिति से खासे नाराज हैं। उनका कहना है कि छोटे बच्चों को इस तरह के अस्वच्छ माहौल में भेजना मजबूरी बन गया है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है। राहगीरों के लिए भी यह मार्ग परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर फैले कीचड़ और गड्ढो में भरे पानी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध ने आसपास के वातावरण को दूषित कर दिया है, जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए और कूड़े के ढेर को



हटवाकर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी लेकर जल्द ही समाधान कराया जाएगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द कदम उठाएगा, ताकि बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके।

मुझे जानकारी हुई है दो दिन में वहाँ से जेसीबी से कूड़ा हटवा दिया जाएगा और जलभराव की उचित व्यवस्था की जाएगी।

**इसरार,**
**ग्राम प्रधान, लतीफगढ़।**



स्कूल के सामने हमेशा पानी भरा रहता है, बच्चों को मजबूरी में इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**पायल।**



बच्चे रोज गंदे पानी और कूड़े के बीच से स्कूल जाते हैं, जिससे बीमारी का खतरा बना रहता है, प्रशासन को जल्द समाधान करना चाहिए।–

**कृष्ण कुमार।**

# घर से निकला युवक जंगल में मिला मृत

## घटनास्थल से शराब के पैक और कीटनाशक की शीशी मिलने से बढ़ी रहस्य की परत

■ 22 घंटे से लापता था बिट्टू, पुलिस ने दोस्त को हिरासत में लिया



मृतक का फाइल फोटो।



मौके पर जांच पड़ताल करती फोरेंसिक टीम।



जंगल में शव के पास विलाप करती महिलाएं।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बा किठौर क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार को घर से बिना बताए निकला युवक करीब 22 घंटे बाद शौल्दा-बाढली के जंगल में स्थित एक ट्यूबवेल पर मृत अवस्था में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है, जबकि मृतक के एक साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नंगली-किठौर निवासी बिट्टू (24) पुत्र बीरसिंह गांव में ही हेयर सैलून का कार्य करता था और शराब का आदी बताया जाता है। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे वह बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। देर रात तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई, लेकिन शनिवार सुबह तक भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

शनिवार सुबह करीब 8 बजे खेतों में निराई करने जा रही एक महिला ने शौल्दा-बाढ़ली के जंगल में रिटायर्ड बैंक मैनेजर विक्रम सिंह के ट्यूबवेल के पास एक युवक का शव पड़ा देखा। महिला ने इसकी सूचना आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और परिजनों को घटना की जानकारी दी। शव की पहचान बिट्टू के रूप में होते ही परिवार में मातम छा गया और रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

घटना की सूचना पर सीओ प्रमोद कुमार और इंस्पेक्टर सुबोध सक्सेना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। घटनास्थल से शराब के तीन खाली पैक, दो सिलोचन ट्यूब, बाग में छिड़काव की कीटनाशक दवा की खाली शीशी और दो जोड़ी चप्पलें बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए।

बाद में फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से मिले सामान को सील करते हुए फिंगर प्रिंट समेत अन्य साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इस मामले में मृतक के दोस्त राहुल पुत्र शक्ति सिंह को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है और मौत के कारणों की गहन जांच की जा रही है।

### मां ने लगाए अभद्रता के आरोप

मृतक की मां बबीता ने बताया कि बिट्टू नशा जरूर करता था, लेकिन कभी रात भर घर से बाहर नहीं रहता था। वह देर-सवेर घर जरूर लौट आता था। शनिवार को तलाश के दौरान उन्हें पता चला कि शुक्रवार को बिट्टू को गांव के ही राहुल के साथ देखा गया था। जब वह राहुल के घर पूछताछ करने पहुंचीं तो राहुल की मां ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इसी दौरान राहुल भी घर से बाहर आया, लेकिन बिट्टू के बारे में पूछने पर उसने कोई जवाब नहीं दिया और चुप्पी साध ली।

### अविवाहित था मृतक

परिजनों के अनुसार बबीता के तीन बेटों मनोज, बिट्टू और मनीष में बिट्टू मंझला था और अभी अविवा. हित था। परिवार में एक बहन देवकी भी है। ग्रामीणों के अनुसार बिट्टू के गांव के ही एक हिस्ट्रीशीटर से भी करीबी संबंध बताए जा रहे हैं, जिसके चलते पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है।

फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुला. सा हो सकेगा।

### शास्त्रीनगर में व्यापारियों का धरना जारी, कुलदीप त्यागी ने राष्ट्रपति से की मर्सी अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर सेक्टर-2 स्थित तिरंगा चौक पर पीड़ित व्यापारियों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान भारतीय किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप त्यागी धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों का समर्थन करते हुए भारत की राष्ट्रपति एवं केंद्र सरकार से मर्सी अपील की। उन्होंने कहा कि वर्षों से अपने व्यवसाय के माध्यम से परिवारों का पालन-पोषण कर रहे व्यापारियों के सामने आज आजी. विका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जल्द से जल्द पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों का भविष्य सुरक्षित रह सके। कुलदीप त्यागी ने आवास विकास परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यकाल और उनकी संपत्तियों की उच्चस्तरीय जांच कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# एम्ब्रोएडरी मशीन के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप

■ तीन के खिलाफ शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद के थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एम्ब्रोएडरी मशीन के कारोबार के नाम पर एक किसान से लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, ऊंचा पीर के सामने धोबियों वाली गली निवासी शोएब अंसारी, जो कम्प्यूटरीकृत मशीनों से सूट तैयार कराने और मशीनों की खरीद-फरोख्त का कार्य करता है, ने अपने परिचित अरीब के माध्यम से पीड़ित से संपर्क किया। आरोप है कि अप्रैल और मई 2024 में हुई मुलाक. ातों के दौरान शोएब ने अपने कारोबार के बड़े-बड़े दावे करते हुए ईगल एम्ब्रोएडरी मशीन खरीदने के लिए प्रेरित किया और स्वयं को उस फर्म का अधिकृत एजेंट बताया।

पीड़ित ने बताया कि गया 26 मई 2024 को शोएब पीड़ित को सूरत (गुजरात) ले गया, जहां 'मैसर्स ईगल एम्ब्रोएडरी मशीन' नामक फर्म के कार्यालय में ललित और अमित से मुलाकात कराई गई। वहां मशीनों की खरीद के लिए कोटेशन और एग्रीमेंट दिया गया। इसके बाद पीड़ित ने 18 जुलाई 2024 को अग्रिम दो लाख रुपये फर्म के खाते में ट्रांसफर कर दिए। शिकायत में कहा गया है कि दो मशीनों की कुल कीमत लगभग 29.06 लाख रुपये तय हुई थी, जिसमें 80 प्रतिशत भुगतान डिलीवरी से पहले करना था। पीड़ित ने 5 मई 2025 तक अलग-अलग तिथियों में ललित और अमित द्वारा बताए गए तीन अलग-अलग खातों में निर्धारित धनराशि जमा कर दी। आरोप है कि पूरी रकम का अधिक. ांश हिस्सा लेने के बावजूद आरोपियों ने मशीनें उपलब्ध नहीं कराई और लगातार बहाने बनाते रहे। पीड़ित का कहना है कि बाद में पता चला कि उसकी बुक की गई मशीनें अन्य लोगों को बेच दी गईं। जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो उसे गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि फर्म द्वारा अलग-अलग खातों में पैसे मंगाकर जीएसटी और आयकर में गड़बड़ी की गई है तथा फर्जीवाड़ा किया गया है। इस मामले में पीड़ित को लगभग 24 लाख रुपये से अधिक का अतिरिक्त व्यापारिक नुकसान होने का भी दावा किया गया है। पीड़ित ने मोहम्मद मोहसिन और रोहित राणा को इस घटना का गवाह बताया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत में पीड़ित ने थाना लिसाड़ी गेट पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश देने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# वेटरनरी होम्योपैथी एवं आयुष आधारित पशुधन स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के एक शिक्षण संस्थान और वेटरनरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस वैकॉन 2026 के दूसरे दिन देश भर से आए 256 से अधिक पशु वैज्ञानिकों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, फील्ड वेटरिनेरियंस एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। इस अवसर पर उच्च स्तरीय वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें तमिलनाडु पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय सहित केरल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना के प्रतिष्ठित संस्थानों के पशुधन विशेषज्ञों एवं पेशेवरों ने अपने शोध पत्रों का मौखिक एवं पोस्टर के माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। सौरव कसेरा, संस्थापक, क्लिरनेट ने कहा कि वैकॉन 2026 में कहा गया है कि भारत के पशु चिकित्सा अभ्यास में अधिक, टिकाऊ और सुविधाजनक देखभाल मॉडलों की ओर एक स्पष्ट बदलाव हो रहा है। यहां हुई चर्चाओं से यह स्पष्ट होता है कि अनुसंधान और वास्तविक विश्व अभ्यास के बीच की खाई को पाटने की आवश्यकता है, विशेष रूप से वनस्पति स्तर पर जहां प्रभाव सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण पशुओं उत्पादन और स्वास्थ्य में होम्योपैथिक दवाइयां की उपयोगिता रहा, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप एक सशक्त एवं सतत पशुधन स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में युवा वैज्ञानिक सम्मान का भी आयोजन किया गया, जिसमें नवोदित वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में 16 लीड पेपर्स प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने पशु चिकित्सा, पशु पोषण एवं पशु उत्पादन के विभिन्न आयामों को नई दिशा प्रधान की। मृदुल गोयल ने होम्योपैथिक उत्पादों एवं उनके वैज्ञानिक परीक्षणों पर आधारित शोध प्रस्तुत किए गए। अंत. रराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का संचालन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के सेवानिवृत्त संच. ालक क्लिनिक और मेडिसिन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ आर केशव बघेरवाल ने किया। पद्मावती सिंह, वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक क्लिर्नेट डेंटलनेट और वेटनेट और प्रियंका डाफ्टरी, कंटेट प्रमुख वेटनेट और डेंटलनेट को सम्मानित किया गया।

# गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम बढ़ला में चौधरी यशवीर सिंह ने की सभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** गांव/बस्ती चलो अभियान के तहत हस्तिनापुर विधानसभा के ग्राम बढ़ला में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने एक सभा का आयोजन किया जिसमें ग्राम गेसुपुर, झब्बापुरी अगवानपुर आदि गावों में गांव के सम्मानित लोगों तथा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की जन कलयाणकारी योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं तथा सभा में आए ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओ को सुन कर उनका मौके पर ही निस्तारण हेतु अधिकारीयों को दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह जिला उपाध्यक्ष श्री सोनू त्यागी, मण्डल अध्यक्ष सोनवीर खटकी, बूथ अध्यक्ष लीलू जाटव, बूथ अध्यक्ष ललित त्यागी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुंदर चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जाटव, चेरमैन शरद पावर, महामंत्री संजीव शर्मा, अंकित त्यागी, दिनेश कुमार, नरेंद्र प्रधान, प्रमोद प्रधान, सभासद कामेश पवार जिला पंचायत सदस्य विकास उपाध्याय आदि गणमान्य लोग तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुकदमें में चशमदीद गवाह को आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी

■ पीड़ित ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** 12 वर्ष पुराने जानलेवा हमले के मुकदमें में चश्मदीद गवाह को आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से कार्रवाई करने व जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला काबली गेट में करीब 12 साल पहले एक व्यक्ति ने कांग्रेस नेता इलियास कुरैशी के घर में घुसकर उनके पुत्र अल्ताफ पर गोली चलाते हुए जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने आरोपी शाहनवाज को गिरतार कर उसके पास से तमंचा व घटनास्थल से कारतूस का एक खोखा बरामद किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। अलताफ की ओर से आरोपी शाहनवाज के विरुद्ध थाना मवाना में मु.अ.सं.-150/14, धारा 307, 452 आईपीसी दर्ज कराया गया था। फिलहाल वह जमानत पर रिहा है और एडीजे तृतीय की कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है और ट्रायल स्टेज पर है। इस मुकदमें में वादी पक्ष की ओर से चशमदीद गवाह आस मोहम्मद पुत्र सगीर निवासी मोहल्ला काबली गेट हैं। आस मोहम्मद ने बताया कि इस मुकदमें में वादी की गवाही हो चुकी है और उन्हें भी गवाही के लिए कोर्ट ने समन भेजा है। दो दिन पहले चौहान चौक के पास उन्हें आरोपी मिला और उन्हें गवाही नहीं देने के लिए धमकाते हुए गाली गलौच की व जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने पीड़ित को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने आईजीआरएस पोर्टल पर मवाना पुलिस से जानमाल की सुरक्षा व कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रॉयल एनफील्ड ने 2026 हंटर 350 लाईनअप के नए आकर्षक कलर और वैरिएंट किए पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मिड-साईज मोटरसाइकिल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने अपने 2026 हंटर 350 पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। रॉयल एनफील्ड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, यादविंदर सिंह गुलेरिया ने कहा हंटर 350 नई पीढ़ी के राईडर्स को बहुत ज्यादा पसंद आ रही है, नए कलर, मुंबई यलो और मूनशॉट व्हाईट एक ऐसी मोटरसाइकिल के रूप में हंटर की पहचान को मजबूत बनाते हैं, जो इसके राइडर्स की संस्कृति, व्यक्तित्व और व्यक्तित्व का प्रदर्शन करती है। हमें विश्वास है कि 2026 हंटर 350 भारत में नई पीढ़ी के राइडर्स की पसंदीदा मोटरसाइकिल के रूप में अपनी स्थिति को लगातार मजबूत करेगी।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

■ नगर के मोहल्ला काबली गेट का मामला

■ मस्जिद में पंचायत कर आरोपी के परिवार का बहिष्कार का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के मोहल्ला काबली गेट में युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने चार सगे भाइयों को नामजद करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। उधर, मस्जिद कुरैशियान में पंचायत कर समाज के लोगों ने आरोपियों का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

बीती 24 मार्च को मोहल्ला काबली गेट निवासी युवती बाजार गई और वापस घर नहीं लौटी। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी पुत्री को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला फुसलाकर ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखे 85 हजार रुपए नगद व डेढ़ तोला सोने के जेवरात भी साथ लेकर गई है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी व साजिश में शामिल उसके तीन सगे भाइयों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अभी तक युवती का सुराग नहीं लगा पाई है। उधर, इस घटना के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले मस्जिद कुरैशियान में समाज के लोगों की पंचायत हुई और घटना पर रोष प्रकट किया। मस्जिद के सदर सहित समाज के गणमान्य लोगों ने आरोपी के परिवार का बहिष्कार करने का ऐलान किया। पीड़ित ने बताया कि इस साजिश में शामिल मुख्य आरोपी का भाई अपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर थाना मवाना में कई मुकदमें दर्ज हैं। उसके परिवार को आरोपी पक्ष की ओर से धमकियां मिल रही हैं। पीड़ित ने आला अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई व उसकी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# रामराज का देकर सपना, लूट लिया हमें बनकर अपना

## सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों ने भाजपा सरकार को जमकर कोसा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के सेंट्रल मार्केट में सुप्रीम कोर्ट के ध्वस्तीकरण के आदेश भाजपा सरकार के गले की फांस बनता हुआ दिखाई दे रहा है। जहां व्यापारी मरने जीने से पहले भाजपा की बात करता था आज वहीं पर व्यापारी खुद को लुटा-पिटा और ठगा हुआ बता रहा है। भाजपा के विधायक, मंत्री, सांसद, एमएलसी सहित तमाम नेताओं के लापता होने के बाद अब व्यापारियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। अब सेंट्रल मार्केट के व्यापारी दो गुटों में बंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक व्यापारी वह जो आज भी भाजपा की चमचागिरी करता हुआ दिखाई दे रहा है वहीं दूसरा व्यापारी हकीकत से रूबरू हो रहा है और खुद को इस जंजाल से बाहर निकालने की गुहार लगा रहा है।

शनिवार को सेंट्रल मार्केट में कुछ ऐसा ही देखने को मिला जहां पर सेंट्रल मार्केट के बंद को लेकर व्यापारी भी आमने-सामने आ गए हैं। कुछ लोगों ने कहा कि यहां पर राजनीति हो रही है और बंद के नाम पर खुद को चमकाया जा रहा है गुस्से में लाल-पीले व्यापारी ने धरने पर बैठे लोगों से कहा कि अगर इन लोगों के चक्कर में आओगे तो बर्बाद हो जाओगे, न घर रहेगा न दुकान। इस दौरान व्यापारियों ने हाथ में एक पोस्ट भी ले रखा था जिसमें लिखा था। ''रामराज का देकर सपना, लूट लिया हमें बनकर अपना।'' कागज पर लिखे यह नारे लोगों के गुस्से को दर्शा रहे थे। लोगों का कहना था कि जो लोग राम-राम कहकर हमसे वोट हासिल कर गए आज वह हमें रोता बिलखता छोड़ गए और कहीं मुंह छुपा कर बैठ गए हैं जिसके बाद व्यापारियों ने कहा कि 2027 का चुनाव कैसा होगा यह आने वाले समय बता देगा। जिन्हें हमने सत्ता तक पहुंचाया उन्हें सत्ता से हटाना भी जानता अच्छी तरह जानती है। इस दौरान बात करते हुए कई व्यापारियों की आंखों में आंसू थे। उनका कहना था कि बड़े हाथी को मार दिया है अब छोटे-छोटे व्यापारियों को बर्बाद करके क्या हासिल होगा।

### हाजिरी जरूरी नहीं काम जरूरी है: लक्ष्मीकांत



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि सेंट्रल मार्केट में भाजपा नेताओं की हाजिरी जरूरी नहीं है बल्कि उनका काम जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह सरकार से अपील करेंगे कि समय मिले ताकि वह सेंट्रल मार्केट का मुद्दा सही से पेश कर सकें और सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात रख सके। उन्होंने कहा कि वह सरकार से भीख मांगेंगे लेकिन यह जरूरी नहीं की भीख में कुछ मिलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं है जिस समय लक्ष्मीकांत वाजपेई यह बात कर रहे थे उनकी बातों में बड़ा झोल नजर आ रहा था और वह साफ कहना चाह रहे थे कि इस मामले में ज्यादा कुछ होने वाला नहीं है। हालांकि उन्होंने बड़ी मजबूती के साथ अपनी बात रखी और अपना पक्ष रखते हुए उन्होंने साफ बता दिया कि वह इस मामले में लगे हुए हैं यह बात अलग है कि वह सेंट्रल मार्केट नहीं जा रहे हैं। वहीं लक्ष्मीकांत वाजपेई के बयान के बाद कई व्यापारियों ने कहा कि यह खिसयानी बिल्ली खंबा नौचे जैसा है। जब कुछ नहीं हो सका तो झूठा मरहम लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार चाहे तो कुछ भी हो सकता है यह बात कहने वाले आज सरकार की कमी को छुपा रहे हैं।

# ग्राम डोला में खुला आधुनिक सुविधाओं से युक्त रमसा ब्यूटी पार्लर



रमसा को सर्टिफिकेट प्रदान करतीं राबिया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर ही नहीं अब ग्रामीण महिलाएं भी स्वरोजगार की ओर बढ़ रही हैं और खुशी की बात यह है कि विकास की इस दौड़ में मुस्लिम युवतियां भी पीछे नहीं हैं। अभी हाल ही में जिला बागपत के ग्राम डोला निवासी युवती रमसा ने पहले ब्यूटी पार्लर चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब गांव में ही रमसा मेकओवर के नाम से ब्यूटी पार्लर खोला है। रमसा कहती हैं कि मुझे अपाहिजों की जिंदगी कभी पसंद नहीं रही है मैं बचपन से ही आत्मनिर्भर बनना चाहती थी। मैंने इसी दिशा में कदम उठाते हुए ब्यूटी पार्लर का कोर्स सीखा। अगर परिवार हल्का-फुल्का विरोध भी हुआ तो मेरे नाना अमीर अहमद उर्फ वीरू पत्रकार ने हमेशा मेरी हौसला अफजाई की और मुझे आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित किया। रमसा कहती हैं कि अब वह अपने ब्यूटी पार्लर से अन्य युवतियों को प्रशिक्षित करके स्वरोजगार के काबिल बनाएंगी। रमसा के अनुसार उनके ब्यूटी पार्लर में आधुनिक तकनीक की समस्त चीजें उपलब्ध हैं वह भी माकूल रेट पर। उत्साह से लबरेज रमसा कहती हैं कि उनकी माता रूबीना व पिता जमील अहमद ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में अच्छा सहयोग दिया है। वहीं ग्रामीणों ने रमसा के इस कदम की भरपूर सराहना की है। उनका कहना है कि ग्राम डोला जैसे गांव में इस तरह का प्रतिष्ठान खुलने से यहां की महिलाओं को काफी फायदा मिलेगा। अब उन्हें कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रमसा की प्रशिक्षक राबिया कहती हैं कि रमसा हमेशा होनहार रही हैं और वह किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। राबिया ने विश्वास जताया है कि रमसा का ब्यूटी पार्लर अच्छा परिणाम देगा।

# श्रेयस पंजाब किंग्स की तीसरी जीत के रहे हीरो

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 69), प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने सात गेंदें शेष रहते सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में शनिवार को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने पंजाब किंग्स के लिए तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। सातवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रियांश आर्य को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

प्रियांश आर्य ने 20 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउटकर सनराइजर्स हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। प्रभसिमरन सिंह ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 51 रन बनाये। कूपर कॉनली 11 रन बनाकर शिवांग कुमार का तीसरा शिकार बने। 17वें ओवर में हर्ष दुबे ने नेहाल वढेरा को बोल्ड कर जीत की ओर बढ़ रही पंजाब लकग्स को चौथा झटका दिया। श्रेयस अय्यर ने



कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 69 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स ने 18-5 ओवरों में चार विकेट पर 223 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। श्रेयस अय्यर ने 33 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 69 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 16 रन बनाकर नाबाद रहे। आज यहां इससे पहले अभिषेक शर्मा (78), हेनरिक क्लासेन (39) और ट्रेविस (38) रनों की पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 220 रनों का लक्ष्य दिया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर अपनी टीम अच्छी शुरुआत दिलाई। नौवें ओवर में शशांक सिंह ने पहले ट्रेविस हेड और उसके बाद इसी ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को आउट कर पंजाब लकग्स को दोहरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 23 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रन बनाये।

अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्कों की बारिश करते हुए 74 रनों की तूफानी पारी खेली। कप्तान इशान किशन ने 17 गेंदों में 27 रन बनाये। उन्हें 14वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अनिकेत शर्मा नौ गेंद में (18) और सलील अरोघ (नौ) रन बनाकर आउट हुए। क्लासेन ने 33 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (39) रनों की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 219 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया लेकिन फिर इसका बचाव नहीं कर पाए। पंजाब लकग्स के लिए शशांक सिंह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# विस्फोटक बल्लेबाजी कर सूर्यवंशी ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**गुवाहाटी, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोट बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। शुक्रवार रात खेले गए इस मुकाबले में जितने शानदार सूर्यवंशी रहे हैं, उनके सहयोगी यशस्वी जायसवाल भी उतने ही बेहतरीन हैं।

इस मैच में उन्होंने 8 गेंदों में 13 रन बनाए। और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। लेकिन दोनों के बीच मात्र 17 रन का अंतर हैं और उनके कुल 183 रन हैं। इसके अलावा शीर्ष तीन में आरआर का पूरा कब्जा बनाते हुए ध्रुव जुरेल तीसरे स्थान पर हैं,

जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 75 रन के बाद आरसीबी के खिलाफ भी 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की शानदार पारी खेली। इस मामले में दिल्ली



कैपिटल्स के समीर रिजवी 160 रन के साथ और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी 155 रन के साथ शीर्ष पांच में हैं। पर्पल कैप तालिका में भी आरआर शीर्ष पर है, जहां रवि बिश्नोई ने दो विकेट और जोड़कर कुल नौ विकेट कर लिए हैं। पी कृष्णा के पीछे पांच विकेट के साथ नौ गें. दबाजो का एक समूह है। इसमें पंजाब किंगस के विजयकुमार वैशाख, कृष्णा के टीम साथी राशिद खान, दिल्ली कैपिटल्स के लुंगी एनगिडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव, आरसीबी के जैकब डफी, केकेआर के वैभव अरोड़ा, चेन्नई सुपर किंगस के अंशुल कंबोज और आरआर के दो अन्य गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर शामिल हैं।

## खेल विशेष

### विटिडसर्न को हराकर आयुष बैडमिंटन एशिया के फाइनल में

**निगबो (चीन), वार्ता।** भारतीय स्टार बैडमिटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर बैडमिटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली हैं। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में, 20 वर्षीय भारतीय ने पहला गेम हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आयुष ने 59 साल बाद भारत के लिए इतिहास रचा और कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। आयुष शेट्टी अब खिताबी मुक. ाबले में चाऊ तिएन चेन और शी यूकी के बीन होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

### खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजीटीबी खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) के पांचवें दिन जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता एसजीटीबी खालसा कॉलेज में आयोजित की जा रही है। गार्गी कॉलेज और स्टनर्स अकादमी ने भी अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में किरोड़ी मल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 92-49 से हराया। किरोड़ी मल कॉलेज के हार्दिक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुक. ाबले में एसजीटीबी खालसा एलुमनी ने रामजस कॉलेज को 81-60 से पराजित किया। खालसा एलुमनी के मुकेश को शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।महिला वर्ग में गार्गी कॉलेज ने मैत्रेई कॉलेज को 59-29 से हराया। गार्गी कॉलेज की कनिका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में स्टनर्स अकादमी ने रामजस कॉलेज को 70-29 से हराया।

### मैकलरॉय को छह शॉट की बढ़त, भाटिया मास्टर्स से बाहर

**अगस्ता, वार्ता।** 2026 अगस्ता मास्टर्स ने हाफवे स्टेज पर एक अहम मोड़ लिया, जब रोरी मैकलरॉय ने देर से शानदार चार्ज करते हुए रिकॉर्ड तोड़ छह शॉट की लीड हासिल की, जबकि अक्षय भाटिया हाफवे कट से चूक गए। मैकलरॉय ने शुक्रवार को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा परफॉर्मेंस दिया, उन्होंने शानदार 7-अंडर 65 का स्कोर बनाया, जिससे बाकी खिलाड़ी उनसे पीछे रह गए। राउंड के ज्यादातर समय तक खचाखच भरे लीडर बोर्ड पर बने रहने वाले नॉर्दर्न आयरिशमैन ने अपने आखिरी सात होल्स में छह बर्डी के साथ बढ़त हासिल की। उनके 36-होल के कुल 12-अंडर 132 ने मास्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ी हाफवे लीड का नया बेंचमार्क सेट किया। इस राउंड में मैक्लेरॉय का अनुभव और दबाव में उनका धैर्य दिखा।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलादेश की 15 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने न्यूजीलैंड खिलाफि 17 अप्रैल से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए हबीबुल बशर की अगुवाई में 15 सदर्स्य टीम की घोषणा की है। यह वही टीम है जिसने पिछले महीने अपने घर पर पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। ए मैच 17 और 20 अप्रैल को ढाका में होंगे।

तीसरा वनडे 23 अप्रैल को चट्टोग्राम में खेला जाएगा। जैसा कि पहले बताया गया था, मेहदी हसन मिराज टीम की कप्तानी करेंगे। टीम के चयन को लेकर हबीबुल बशर ने कहा कि चयन समिति निरंतरता बनाए रखना चाहती है, और कोई भी फैसला लेने से पहले वे खास तौर पर सैफ को थोड़ा और मौका देना चाहते हैं। बशर ने कहा कि बंगलादेश ने पिछली सीरीज में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला था। टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी थे जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिला। हमने एक नीति बनाई है कि हम किसी भी खिलाड़ी को टीम में खेलने के लिए पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। हम किसी भी खिलाड़ी को बिना पूरे मौके दिए टीम से बाहर नहीं करना चाहते। हम निरंत. रता में विश्वास रखते हैं, और इसी वजह से हमने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। चयनकर्ताओं ने नाहिद राणा, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम के उसी तेज गेंदबाजी आक्रमण को भी बरकरार रखा है।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी LSG

**लखनऊ, वार्ता।** आखिरी ओवर के तनाव से लेकर उभरते सितारों तक, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) रविवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 19वें मैच में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ एक बड़े दांव वाले दिन के मैच में, पिछले मैच के रोमांचक अंत की लहर पर सवार होकर उतरेगी। सभी की नजरें युवा मुकुल चौधरी पर टिकी हैं

, जिन्होंने दबाव में 27 गेंदों पर निडर होकर नाबाद 54 रन बनाकर पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट से शानदार जीत दिलाई थी। आखिरी दो ओवरों में जब 30 रनों की जरूरत थी, तब इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने जबरदस्त संयम और



साफ-सुथरी हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए इस सीजन के सबसे रोमांचक फिनिश में से एक को अंजाम दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन को इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आयुष बडोनी के 34 गेंदों पर बनाए गए स्थिर 54 रनों ने और मजबूत किया, जिसने लखनऊ को तब भी मैच में बनाए रखा जब जीत हाथ से फिसलती हुई लग रही थी। इस जीत ने ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम में एक नया आत्मविश्वास भर दिया है, जो अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में है। लखनऊ को गुजरात पर अपनी हालिया बढ़त से भी आत्मविश्वास मिलेगा, क्योंकि उसने दोनों टीमों के बीच हुए पिछले तीन मुकाबले जीते हैं। उनकी पिछली भिड़ंत में एक जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें एक तूफानी शतक भी शामिल था जिसने उन्हें आसानी से जीत दिलाई थी,

जबकि निकोलस पूरन ने गुजरात के खिलाफ लगातार अहम पारियां खेलकर टीम में योगदान दिया है। हालांकि, गुजरात भी अपनी एक अलग कहानी के साथ मैदान में उतर रही है - एक ऐसी कहानी जिसमें वापसी और नई लय शामिल है। शुभमन गिल की अगुवाई में, जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक ठोस जीत के साथ सीजन की मुश्किल शुरुआत को पीछे छोड़ दिया है, इसका श्रेय काफी हद तक उनके टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों को जाता है जिन्होंने आखिरकार एक साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है। गिल के शानदार 70 रनों ने मैच की लय तय की, जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन को जारी रखा। टॉप-ऑर्डर में जोस बटलर के शामिल होने से टीम की बल्लेबाजी में और भी धार आ गई है, जो उनके तेज अर्धशतक से साफ जाहिर होता हैद्ध वहीं वाशिगटन सुंदर के पहले आईपीएल अर्धशतक ने टीम के मध्यक्रम को और भी मजबूत बनाया है। ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान जैसे पावर-हिटर बल्लेबाजों के साथ-साथ राहुल तेवतिया की मैच खत्म करने की काबिलियत को देखते हुए, गुजरात की बल्लेबाजी यूनिट सही समय पर अपना संतुलन हासिल करती हुई नजर आ रही है।

# मुंबई अपनी खोई हुई साख की तलाश में

## पक्के इरादे के साथ उतरेगी आरसीबी

**मुंबई, वार्ता।** एक ऐसे दिग्गज के बारे में कुछ उदास करने वाली बात है जिसने अपना दबदबा खो दिया हो। मुंबई इंडियंस, जो कभी वानखेड़े की बेताज बादशाह थी, अब किराएदारों की तरह अपने घर लौट रही है, इस उम्मीद में कि किराया बकाया न हो। पिच के दूसरी तरफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खड़ी है, जिसमें एक ऐसी टीम का सहज आत्मविश्वास है जिसे लगता है कि दुनिया कुछ समय के लिए उसकी मुठी में है।

मुंबई की मुश्किल सीधी-सादी है और इसलिए, बेरहम भी। तीन मैचों में सिर्फ एक जीत। लगातार दो हार। पॉइंट्स टेबल पर आठवें स्थान पर। आंकड़े झूठ नहीं बोलते, हालांकि वे शायद ही कभी पूरी कहानी बताते हैं। रोहित शर्मा ने 118 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट घबराहट के बजाय जल्दबाजी



दिखाता है, उन्होंने अपना काम बखूबी किया है - वे एक ऐसे सेनापति की तरह हैं जो अभी भी सीना ताने खड़ा है, जबकि उसके पीछे सैनिक हिचकिचाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रयान रिकेल्टन ने भी तेजी से कुछ योगदान दिया है, लेकिन क्रिकेट, जदिगी की तरह ही, टुकड़ों में किए गए प्रयासों का इनाम नहीं देता, वह पूरे और ठोस प्रदर्शन की मांग करता है। मिडिल ऑर्डर - वह भरोसे के लायक न रहने वाला रिश्तेदार जो वादे तो बड़े-बड़े करता है, लेकिन निभाता बहुत कम है - उसने भी निराश ही किया है। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या - इन सभी ने दरवाजे पर दस्तक तो दी है, लेकिन कमरे के अंदर पूरी तरह से दाखिल नहीं हो पाए हैं। सूर्यकुमार, जिनका इस मैदान पर औसत 43 का है, अपनी पुरानी यादों को अपना साथी बनाकर चल रहे हैं, लेकिन यादें रन नहीं बनातीं - रन तो बल्लेबाज ही बनाते हैं। पिछले मैच में, नमन धीर और शेरफेन रदरफोर्ड ने इतनी छोटी और शानदार पारियां खेलीं कि वे किसी कविता जैसी लगीं - सुनने में तो बहुत अच्छी, लेकिन जीत के लिए नाकाफी। गेंदबाजों की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। शार्दुल ठाकुर ने विकेट तो लिए हैं, हां, लेकिन उनकी कीमत इतनी ज्यादा रही है कि कोई भी हिंसाब-किताब रखने वाला द्धअकाउंटेंटऋ भी उसे देखकर अपना सिर पकड़ ले। जसप्रीत बुमराह ने बहुत ही किफायती गें. दबाजी की है - उनका संयम किसी साधु जैसा रहा है - फिर भी अजीब बात है कि उन्हें विकेटों का कोई इनाम नहीं मिला।

अल्लाह गज़नफर ने तो उम्मीद जगाई, वहीं ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन कभी तो बहुत खतरनाक रहा, तो कभी बहुत ही उदार (यानी रन लुटाने वाला) इसके ठीक उलट, बेंगलुरु की टीम किसी सधे हुए ऑर्केस्ट्रा की तरह मैदान में उतरती है। विराट कोहली ने अब तक 129 रन बनाए हैं और वानखेड़े के प्रति उनका लगाव तो किसी प्रेम-कहानी जैसा ही है, वे उसी आत्मविश्वास के साथ रन बटोरते जा रहे हैं, जैसा कि किसी ऐसे इंसान में होता है जिसने जदिगी के हर रंग देखे हों और कुछ भी भूला न हो। देवदत्त पडिक्कल एक युवा राजकुमार के अंदाज में दिखे हैं - बेफक्रि, शानदार और बिना किसी शक के बोझ के - उनके 125 रन इतनी तेजी से बने कि गेंदबाज हांफते रह गए। कप्तान रजत पाटीदार, पारी के रचयिता और निर्माता दोनों रहे हैं, उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी को गढ़ा है। उनके हाल के 63 रन इस बात की याद दिलाते हैं कि क्रिकेट में कप्तानी का सबसे अच्छा प्रदर्शन बल्ले से ही होता है। फिलिप सॉल्ट एक भरोसेमंद साथी रहे हैं, जबकि टिम डेविड ने गेंदबाजों के साथ वैसा ही बर्ताव किया है जैसा लोग अक्सर टेलीमार्केटर्स के साथ करते हैं - इस सीजन में नौ छक्के लगाए हैं।

# नेमार अभी भी ब्राजील वर्ल्ड कप टीम के फ्रेम में

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेशनल टीम के असिस्टेंट कोच डेविड एंसेलोटी के मुताबिक, नेमार अपनी फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं के बावजूद 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। नेमार, ब्राजील के लिए 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं,

दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद इस साल सैंटोस के लिए सिर्फ छह मैच खेले हैं। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फटने के बाद से वह ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं, इस चोट की वजह से वह एक साल से ज्यादा समय तक बाहर रहे। लेकिन ब्राजील के हेड कोच कार्लो के बेटे डेविड ने कहा कि 34 साल के नेमार के पास 11 जून को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले पूरी तरह से फिट होने का समय है। डेविड ने कहा, ष्बेशक, वह नेशनल टीम का टॉप स्कोरर है और उसके पास मौका है। उसके पास अपना बेस्ट करने और लिस्ट में आने की कोशिश करने का समय है। डेविड ने कहा कि ब्राजील की वर्ल्ड कप टीम की घोषणा शायद 18 मई को की जाएगी, जो फीफा की ऑफिशियल डेडलाइन से लगभग दो हफ्ते पहले है। इससे नेमार को ब्राजील के कोचिंग स्टाफ को यह समझाने के लिए 11 क्लब गेम मिलेंगे कि वह यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयार है। डेविड ने कहा, ष्आखिर में, यह मैनेजर का फैसला है और उसके पास इसे लेने का समय है। ब्राजील अपना वर्ल्ड कप कैंपेन 13 जून को मोरक्को के खिलाफ शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को ग्रुप सी में स्कॉटलैंड का सामना करेगा।

# अल्काराज व सिनर सेमीफाइनल में

**मोंटे-कार्लो, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी कार्लोस अल्काराज और नंबर दो खिलाघी जानिक सिनर मोंटे-कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज ने शुक्रवार को अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

स्पेनिश खिलाड़ी को मार्च में मियामी में सेबेस्टियन कोर्डा के हाथों तीसरे दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस हफ्ते मोनाको में क्ले कोर्ट पर वापसी करते हुए वह काफी सहज दिखे। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज और टॉमस मार्टिन एचेवेरी को हराने के बाद, अल्काराज ने आठवीं वरीयता प्राप्त बुब्लिक के खिलाफ अपनी परीक्षा पास कर ली, बुब्लिक पहली बार इस स्पेनिश खिलाड़ी का सामना कर रहे थे। फुटबॉल जगत के दिग्गज पाओलो डि



कैनियो की मौजूदगी में खेले गए एक रोमांचक शुरुआती सेट में, अल्काराज ने बुब्लिक की विविधताओं और गेंद पर उनकी पकड़ का बखूबी सामना किया, और कई बार 'चूहे-बिल्ली' जैसे रोमांचक खेल में 28 वर्षीय बुब्लिक को अपनी चालों से मात दी। नंबर 1 खिलाड़ी ने इसके बाद कोर्ट रेनियर ्प्प् पर दूसरे सेट में जबरदस्त खेल दिखाते हुए अपनी 300वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल की। अल्काराज अब मोंटे-कार्लो में अपने खिताब को सफलतापूर्वक बचाने से बस दो जीत दूर हैं, पिछले साल चैंपियनशिप मैच में लोरेंजो मुसेटी को हराकर उन्होंने पहली बार क्ले-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की थी। 22 वर्षीय अल्काराज का अगला मुक. ाबला शनिवार को सेमी-फाइनल में मोनेगास्क स्टार वैलेंटीन वैचेरोट से होगा। वैचेरोट ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स में अपना ऐतिहासिक सफर जारी रखा, कोर्ट रेनियर ्प्प् पर शोर मचाती भीड़ के समर्थन से, वैचेरोट ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया और अपनी चौथी शीर्ष 10 जीत हासिल की। इस बीच नंबर दो जानिक सिनर ने फेलिक्स ऑगर-एलियासिम को आसानी से हराकर अपने 2026 सीजन में एक और एटीपी मास्टर्स 1000 का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। एटीपी रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ऑगर-एलियासिम को 6-3, 6-4 से हराकर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अंतिम चार में मुकाबले की तैयारी कर ली है। इस इटैलियन खिलाड़ी ने मोनाको में चौथे दौर में टॉमस माचाक के खिलाफ एक सेट हारने से पहले, मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में लगातार सेट जीतने का अपना रिकॉर्ड 37 तक पहुंचा दिया थाद्ध अब उन्होंने इस स्तर पर लगातार 20 मैच जीत लिए हैं।

# भारत के आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर 1 को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**चीन, वार्ता।** बीस साल के आयुष शेट्टी ने बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप में अपनी जबरदस्त जीत का सिलसिला जारी रखा। इस नई पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी ने शनिवार को इस इवेंट में थाईलैंड के डिफेंडिग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 1 कुनलावुत विटिडसार्न को 10-21, 21-19, 21-17 से हराकर मेन्स सिगल्स फाइनल में जगह बनाई। शेट्टी 1965 के बाद फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मेन्स सिगल्स खिलाड़ी बने।

हालांकि पहला गेम 2023 वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के पक्ष में नहीं था, लेकिन शेट्टी ने अपनी शुरुआती हार से उबरते हुए अगले दो गेम आराम से जीते और ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट विटिडसार्न को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में आयुष ने 12-4 की बढ़त ले ली और हालांकि विटिडसार्न ने



13-11 से अंतर कम कर लिया, लेकिन भारतीय हमेशा आराम से दिखे।

तीसरे गेम में भी उसी कॉन्फिडेंस के साथ उतरते हुए आयुष ने 1 घंटे 15 मिनट में एशियन चैंपियनशिप में अपनी पहली फाइनल जगह पक्की कर ली। अब उनका सामना चाउ टिएन चेन (विश्व रैंकिंग 6) और शि यू की (विश्व रैंकिंग 2) के बीच होने वाले मैच के विनर से होगा। अगर आयुष फाइनल मैच में स्वर्ण पदक जीतने में सफल होते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत का पहला स्वर्ण पदक होगा। 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता था।

# ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन

## अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा दावा, सीजफायर के प्रयासों के बीच बढ़ी कूटनीतिक चिंता



**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों ने एक चौंकाने वाले खुलासे की ओर इशारा किया है, जिसके अनुसार चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नई वायु रक्षा प्रणालियां (एयर डिफेंस सिस्टम) भेजने की तैयारी कर रहा है। तीन खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ अस्थायी सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। सीएनएन की रिपोर्ट में दावा है कि चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन की यात्रा करने वाले हैं। यह संभावित हथियार आपूर्ति इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि चीन ने हाल ही में इस संघर्षविराम को कराने में भूमिका निभाने का दावा किया था। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि चीन इन हथियारों की आपूर्ति को तीसरे देशों के जरिए भेज सकता है, ताकि उनके वास्तविक स्रोत को छिपाया जा सके। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा चीन ने कभी भी संघर्ष के किसी भी पक्ष को हथियार प्रदान नहीं किया है, प्रश्न में दी गई जानकारी असत्य है। उन्होंने आगे कहा एक जिम्मेदार प्रमुख देश के रूप में, चीन लगातार अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करता है। हम अमेरिकी पक्ष से निराधार आरोप लगाने, दुर्भावनापूर्ण संबंध जोड़ने और सनसनी फैलाने से बचने का आग्रह करते हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष तनाव कम करने में मदद करने के लिए और अधिक करेंगे। इससे पहले, दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बीजिंग युद्धविराम कराने और संघर्ष समाप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रहा था। गौरतलब है कि ईरान ने लंबे समय से चीन और रूस दोनों के साथ मिलिट्री और इकोनामिक रिश्ते बनाए हैं। ईरान ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को शाहेद ड्रोन देकर बहुत मदद की है और चीन को अपने सैंक्शन किए गए तेल का बड़ा हिस्सा भी बेचता है।

## भारतीयों की नेकी व इंसानियत के हम कायल, शुक्रिया: ईरान

**तेहरान।** भारत में ईरानी दूतावास ने शुक्रवार को एलान किया कि उसने जंग के दौरान वित्तीय मदद के लिए बनाए गए सभी खाते बंद कर दिए। इसके साथ ही भारतीय नागरिकों के समर्थन और मदद के लिए शुक्रिया कहा। दूतावास ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों से मिले भारी समर्थन और उनकी मदद को देखते हुए अब ये खाते निष्क्रिय कर दिए गए हैं। इसके साथ ही लोगों से दूतावास के नाम पर चल रहे किसी भी खातों में पैसा न भेजने की अपील की गई है। इससे पहले 22 मार्च को ईरानी दूतावास ने भारतीयों की नेक इरादों और इंसानियत के लिए उन्हें शुक्रिया कहा था।



पटना। आपूर्ति संकट के बीच खाली एलपीजी सिलेंडरों के साथ लाइन में लगे लोग।

## रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी सऊदी अरब पहुंची

**रियाद।** सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत स्थित किंग अब्दुल अज़ीज़ वायुसेना बेस पर पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी पहुंच गई है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, इस तैनाती में पाकिस्तान वायुसेना के लड़ाकू और सहायक विमान शामिल हैं, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक संयुक्त रक्षा समझौते का हिस्सा है। बताया गया कि इस तैनाती का उद्देश्य सैन्य समन्वय को मजबूत करना और दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं की संचालनात्मक तैयारियों को बढ़ाना है, जिससे क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा व स्थिरता को बल मिलेगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने यह रक्षा समझौता पिछले वर्ष सितंबर में रियाद में किया था।

# ईरान के साथ वार्ता विफल रही, तो फिर होगा हमला: ट्रम्प



■ ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही
■ हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** पूरी दुनिया की सांसें थमी हुई हैं, क्योंकि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी वार्ताकारों का दल इस्लामाबाद में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ की अगुआई वाले 71 सदस्यीय ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए तैयार है। वार्ता शुरू होने से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'द न्यूयॉर्क पोस्ट' को बताया कि यदि बातचीत विफल रहती है तो ईरान पर हमले फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी युद्धपोतों को 'सर्वश्रेष्ठ गोला-बारूद' से लैस किया जा रहा है।

ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही। सात अप्रैल को हुए दो सप्ताह के संघर्ष विराम के बाद अंतिम शांति प्रक्रिया पर बातचीत करने के लिए वेंस के साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर भी शामिल हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बातचीत सफल होगी? तो उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए एक फोन इंटरव्यू में कहा कि हमें लगभग 24 घंटों में पता चल जाएगा। हमें जल्द ही जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि हम नई शुरुआत कर रहे हैं। हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं। वे उन हथियारों से भी बेहतर हैं, जिनका इस्तेमाल हमने पहले उन्हें तबाह करने के लिए किया था। ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा कि हम जहाजों को अब तक के सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस कर रहे हैं, जो पहले के विनाशकारी हथियारों से भी कहीं उच्च स्तर के हैं। अगर कोई समझौता नहीं होता है, तो हम उनका इस्तेमाल करेंगे और बहुत प्रभावी ढंग से करेंगे। इसके विपरीत ईरानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने युद्ध-पूर्व की वार्ताओं में अपना रुख कायम रखा है कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अटूट अधिकार है। इस बीच गालिबफ ने याद दिलाया कि समझौते की दो धाराओं को अभी लागू किया जाना बाकी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से तय किए गए दो उपायों पर अभी अमल होना बाकी है। लेबनान में संघर्ष विराम और बातचीत शुरू होने से पहले ईरान की रुकी हुई संपत्ति को मुक्त करना। बातचीत शुरू होने से पहले इन दोनों मामलों को पूरा किया जाना चाहिए। ट्रंप ने 'द पोस्ट' से कहा कि आपका सामना ऐसे लोगों से है, जिनके बारे में हम नहीं जानते कि वे सच बोलते हैं या नहीं। हमारे सामने तो वे कहते हैं कि वे सभी परमाणु हथियारों को खत्म कर रहे हैं, सब कुछ खत्म हो गया है। और फिर वे प्रेस के पास जाकर कहते हैं, नहीं, हम संवर्धन करना चाहेंगे। इसलिए हमें जल्द ही पता चल जाएगा। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को संभालने के तरीके को लेकर भी ईरान की आलोचना की। उन्होंने स्थिति को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि ईरानियों के साथ बातचीत करने के लिए हमारी 'ए टीम' पाकिस्तान जा रही है। और यदि आवश्यक हुआ, तो हमारे पास बैकअप प्लान भी तैयार हैं। जैसा ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह होर्मुज में जहाजों पर 'ट्रांजिट शुल्क' लगायेगा और वह भी अपनी मुद्रा रियाल में। उम्मीद है कि इस वार्ता का मुख्य केंद्र अमेरिका की वे मांगें होंगी, जिनमें ईरान से लगभग 1000 पाउंड गहराई में दबा हुआ संवर्धित यूरेनियम सौंपने और अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से फिर से खोलने के लिए कहा गया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने जर्मन समकक्ष जोहान वेडेफुल से कहा कि ईरान अमेरिका से इस बातचीत में 'पूर्ण अविश्वास' के साथ शामिल हो रहा है। अराघची ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान ईरानी लोगों के हितों और अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेगा। उन्होंने अमेरिका के बार-बार वादों को तोड़ जाने और 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' का हवाला दिया।

## हत्या का वीडियो साझा कर ट्रम्प ने आव्रजन नीति को ठहराया सही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा में हुई एक महिला की हत्या का कथित वीडियो साझा करते हुए अपनी सरकार की निर्वासन नीति को सही ठहराया। यह हमला कथित रूप से हैती मूल के एक प्रवासी द्वारा किया गया। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय रोलबर्ट जोएकिन को 2 अप्रैल को फ्लोरिडा के फोर्ट मायर्स में एक महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह शहर मियामी से लगभग 160 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी हैती से है और 2022 में अमेरिका आया था। मृतका की पहचान 51 वर्षीय निलुफा इस्मिन के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश मूल की थीं और दो बेटियों की मां थीं। ट्रम्प ने गुरुवार देर रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर यह वीडियो साझा किया। ट्रम्प अक्सर दावा करते रहे हैं कि प्रवासी अमेरिका में अपराध बढ़ा रहे हैं, और इस घटना को उन्होंने अपने इसी दावे के समर्थन में पेश किया। हालांकि आलोचकों का कहना है कि ट्रम्प सभी प्रवासियों को अपराधी के रूप में पेश कर अपनी आव्रजन नीति को मजबूत करने की कोशिश करते हैं, जबकि कई अधययनों में पाया गया है कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में हिंसक या अन्य अपराधों में कम शामिल होते हैं। पुलिस के अनुसार, निलुफा ईसमिन गैस स्टेशन के एक सुविधा स्टोर में क्लर्क के रूप में काम कर रही थीं। घटना स्टोर के बाहर हुई और आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया कि आरोपी एक वाहन पर हथौड़े से वार करता दिखता है। इसी दौरान पीड़िता बाहर आकर उससे सवाल करती नजर आती हैं। इसके बाद आरोपी अचानक उनके सिर पर हथौड़े से हमला कर देता है, जिससे वे जमीन पर गिर जाती हैं। इसके बाद आरोपी कई बार हमला करता है और मौके से फरार हो जाता है। पुलिस के अनुसार, बाद में आरोपी को सड़क पर चलते हुए पकड़ा गया और उसने अपराध कबूल कर लिया। उस पर हत्या और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। वह अदालत में पेश हो चुका है और 4 मई को उसकी अगली सुनवाई तय की गई है।

## हॉर्मुज स्ट्रेट को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन



■ अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा: ईरान बारूदी सुरंगों के कारण आवाजाही बहाल करने में अक्षम

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान युद्ध के दौरान उसके द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों को पूरी तरह खोजकर हटाने में असमर्थ है, जिसके कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन हो गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात कही गई।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा बताए गए 'सुरक्षित मार्ग' वास्तव में बहुत ही सीमित हैं, क्योंकि ईरान ने जलडमरूमध्य में लापरवाही से बारूदी सुरंगें अव्यवस्थित तरीके से बिछाई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और ईरान दोनों के पास समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की पर्याप्त क्षमता नहीं है। कुछ सुरंगें बहकर स्थान बदल सकती हैं, जबकि यह भी स्पष्ट नहीं है कि ईरान ने प्रत्येक सुरंग का रिकॉर्ड रखा था या नहीं। अमेरिका ने दावा किया है कि बुधवार को जलडमरूमध्य को खोल दिया गया था और उन खबरों का भी खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि ईरान जहाजों की आवाजाही रोक कर शुल्क वसूल रहा है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया था कि ईरान वास्तव में जहाजों को रोक रहा है और उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेहरान को चेतावनी भी दी थी। ईरान ने कहा है कि वह तब तक समुद्री यातायात को अवरुद्ध रखेगा, जब तक इजराइल लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले बंद नहीं करता। ईरान और पाकिस्तानी मध्यस्थों का कहना है कि यह मुद्दा युद्धविराम का हिस्सा होना चाहिए था।

# इजरायल-लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 को होगी

## इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच फोन पर हो चुकी है पहली बातचीत



■ लेबनान में इजरायली हमलों से तीन दिन में 357 की मौत, 1223 अन्य घायल

**यरूशलेम/बेरूत।** इजरायल और लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 अप्रैल को वाशिंगटन में होगी। यह जानकारी इजरायली मीडिया ने शनिवार को दी। टाइम्स ऑफ इजरायल ने कहा कि इजरायल और लेबनान के बीच अपेक्षित पहली प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार को वाशिंगटन में होगी। वाशिंगटन में लेबनानी राजदूत नाडा हमादेह, वाशिंगटन में इजरायली राजदूत एचिएल लीटर और बेरूत में अमेरिकी राजदूत मिशेल इस्सा के बीच शुक्रवार को फोन पर बातचीत हुई, जो इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच पहली बातचीत थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि इजरायल लेबनान के साथ जल्द से जल्द सीधी बातचीत करेगा। वहीं ईरान द्वारा अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता से हटने की धमकी देने के बाद इजरायल को लेबनान की राजधानी बेरूत पर अपने सैन्य हमले रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा एक उच्चस्तरीय सुरक्षा सूत्र के हवाले से किया गया है। बताया गया कि बुधवार को लेबनान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इन हमलों को रोकना, अमेरिका के साथ अस्थाई युद्धविराम वार्ता में शामिल होने की सख्त पूर्व शर्त बना दिया था। सूत्रों के अनुसार कि प्रतिरोध मोर्चे की एकता ईरान के लिए गैर-समझौतापरक थी। उन्होंने बताया कि लेबनान पर इजरायली हमलों के जारी रहने के कारण ईरानी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा कई बार टाली गई। लगातार दबाव और वार्ता से हटने की विश्वसनीय चेतावनी के चलते ईरान ने अमेरिका को इजरायल पर दबाव बनाने के लिए मजबूर किया, जिसके बाद बेरूत पर हमले रोके गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वार्ता की निरंतरता इस बात पर निर्भर करेगी कि इजरायल बेरूत और उसके दक्षिणी उपनगर दहिएह पर आगे कोई हमला न करे। ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजरायल ने हमले फिर से शुरू किए, तो वार्ता प्रक्रिया तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। जबकि लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि इन हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्री प्रस्ताव, जिसे ट्रम्प ने वार्ता के लिए 'कारगर आधार' बताया है, में सभी मोर्चों पर आक्रामक कार्रवाई रोकने की शर्त शामिल है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। इसी क्रम में, ईरान की संसद (मजलिस) के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबफ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंचे हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा मौतों के साथ 02 मार्च 2025 से अब तक इजरायल द्वारा युद्धविराम उल्लंघनों के कारण मारे गए लोगों की कुल संख्या 1953 हो गई है। यह युद्धविराम पिछले वर्ष इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हुआ था। समझौते के तहत इजरायल को अपने हमले रोकने थे लेकिन उल्लंघनों के चलते स्थिति लगातार बिगड़ती गई।

## अमेरिका-लेबनान ने इजरायल से लेबनानी क्षेत्र पर हमले रोकने का किया आग्रह

**मास्को।** लेबनान ने अमेरिकी मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल से वार्ता से पहले अपने क्षेत्र पर हमले रोकने का अनुरोध किया है। यह जानकारी एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से शनिवार को दी। प्रकाशन ने दो जानकार सूत्रों का हवाला से कहा कि अमेरिका ने लेबनान के अनुरोध का समर्थन किया है और इजरायल से इसे स्वीकार करने की मांग की है लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक इस मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया है। गुरुवार को नेतन्याहू के कार्यालय ने घोषणा की कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल को लेबनान के साथ सीधी बातचीत शुरू करने का निर्देश दिया है जिसका उद्देश्य शिया आंदोलन हिजबुल्लाह को हथियार विहीन करना और दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करना है।

## ईरान के नेताओं से मिले पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में चल रही अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग मुलाकात की है। इस बीच ईरान की ओर से बड़ा बयान सामने आया है, जिसने इस बातचीत की दिशा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरी दुनिया की नजर इस वार्ता पर टिकी है, क्योंकि इसका असर पश्चिम एशिया की स्थिरता पर पड़ सकता है। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा है कि अगर अमेरिका अगर अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने हितों को ध्यान में रखकर बातचीत करता है तो समझौता संभव है। लेकिन अगर इजरायल फर्स्ट की सोच हावी रही तो कोई डील नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि बातचीत विफल होने पर हालात और बिगड़ सकते हैं। आरिफ ने साफ कहा कि अगर बातचीत असफल रही और अमेरिका व इजरायल ने फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू की तो दुनिया को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है और शांति की उम्मीद कमजोर पड़ सकती है।

# इंडो-पैसिफिक में सहयोग और सुरक्षा पर जोर

## भारत व अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया



■ अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह की मेजबानी की

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग, प्रशिक्षण और सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा हुई। अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुखअमर प्रीत सिंह की मेजबानी की।

यह आधिकारिक दौरा 8 अप्रैल को हुआ, जिसमें उन्हें जाइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग पर गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पेंटागन में उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया, जहां अमेरिकी वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों और ट्राय मींक से भी मुलाकात हुई। अमेरिकी वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को वाशिंगटन द्वारा दी जाने वाली महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस साझेदारी को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को 'स्वतंत्र, खुला, शांतिपूर्ण और समृद्ध' बनाए रखने के लिए केंद्रीय बताया। जनरल विल्सबैक ने समान विचारधारा वाले सहयोगियों के साथ बहुपक्षीय अभ्यासों में भारत के नेतृत्व और भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग को बढ़ाना क्षेत्रीय निवारण को मजबूत करने की कुंजी होगी। जनरल विल्सबैक ने कहा एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस महत्वपूर्ण समकक्ष दौरे की मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। पेंटागन में उनके पूरे दिन के दौरान, हमने आधुनिकीकरण के प्रयासों, भविष्य के प्रशिक्षण के अवसरों और एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता पर गहन चर्चा की। बैठक में भारत द्वारा डफ-9बी स्काई गार्जियन विमान की खरीद पर भी चर्चा हुई। अमेरिकी वायु सेना ने इस बात पर जोर दिया कि वे भारतीय सशस्त्र बलों को इस प्लेटफार्म को 'निर्बाध और प्रभावी ढंग से तैनात' करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वाशिंगटन के अलावा, एयर चीफ मार्शल सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का भी दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए एयरोस्पेस और समुद्री चेतावनी सहित नार्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) मिशन के बारे में जानकारी दी गई।

## चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने अपनी दिवंगत मां राजकुमारी डायना की याद में अफ्रीका में एक चैरिटी की स्थापना की थी। अब उसी चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है। हैरी ने पिछले साल इस संस्था के संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया था। सेंटेबाले नामक यह संस्था बोत्सवाना और लेसोथो में एचआईवी से पीड़ित युवाओं के लिए काम करती है। सेंटेबाले ने पिछले महीने लंदन के हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया। अब यह जानकारी सामने आई है। आनलाइन दस्तावेजों के अनुसार, हैरी और उनके मित्र मार्क डायर (जो पहले इस चैरिटी के ट्रस्टी रह चुके हैं) पर मानहानि का आरोप लगाया गया है, हालांकि मामले से जुड़े विस्तृत दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

## युद्ध में अमेरिकी सैनिकों ने पी 9.5 लाख गैलन कॉफी

■ डकार गए 20 लाख एनर्जी ड्रिंक, अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की एक ब्रीफिंग में ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जाइंट चीफ्स आफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन कैन ने बताया कि इस सैन्य अभियान के दौरान सैनिकों ने लगभग 9.5 लाख गैलन काफी पी।

जनरल कैन ने कहा कि यह संघर्ष बेहद तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने इसे बेहद कठिन और लगातार दबाव वाला आपरेशन बताया। काफी के अलावा, सैनिकों ने लगभग 20 लाख एनर्जी ड्रिंक भी पी, जिससे लगातार आपरेशन के दौरान उनकी सतर्कता बनी रहे। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सैनिकों ने इस अवधि में लगभग 60 लाख भोजन का सेवन किया। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में निकोटिन उत्पादों की खपत भी दर्ज की गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि लंबे सैन्य अभियानों में केवल हथियार ही नहीं, बल्कि लाजिस्टिक्स और मानव संसाधन भी कितने महत्वपूर्ण होते हैं। पेंटागन ब्रीफिंग के दौरान जनरल कैन ने हल्के अंदाज में कहा कि वे यह नहीं कह रहे कि कोई समस्या है, जिस पर वहां मौजूद लोगों के बीच हल्की मुस्कान देखी गई। लेकिन उन्होंने साफ किया कि यह सैन्य अभियान बेहद कठिन परिस्थितियों में संचालित किया गया। उनके अनुसार, हालात गर्म, अराजक, अंधेरे और अनिश्चित थे, जहां हर पल खतरा बना हुआ था। गौरतलब है कि करीब 40 दिनों तक चले अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष पर फिलहाल विराम लग गया है और सीजफायर लागू हो चुका है। हालांकि, हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं और वैश्विक स्तर पर फिर से तनाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिक अभी भी अपने ठिकानों पर तैनात हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उन्होंने संकेत दिया कि केवल एक आदेश के बाद संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में सबसे अधिक दबाव उन सैनिकों पर है, जो दूर-दराज के इलाकों में चुनौतीपूर्ण हालात का सामना कर रहे हैं।



# राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी के मेकर्स ने राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने फिल्म राजा शिवाजी का शानदार पोस्टर जारी करने के बाद अब दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। मेकर्स ने फिल्म के राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्देशन, लेखन, निर्माण और मुख्य भूमिका निभा रहे रितेश विलासराव देशमुख इस एंथम में छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। वीडियो में फिल्म के भव्य म्यूजकिल विजन की झलक देखने को मिलती है, जो इस ऐतिहासिक फिल्म के स्तर को और ऊंचा बनाती है। वीडियो में अजय-अतुल और उनकी टीम की मेहनत साफ नजर आती है। राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का दमदार संगीत और ऊर्जावान साउंड इसे बड़े पर्दे पर देखने का शानदार अनुभव बनाने का वादा करता है। इसका मुख्य कोरस पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अजय-अतुल द्वारा कंपोज और गाया गया राजा शिवाजी एंथम छत्रपति 13 अप्रैल को रिलीज होगा। फिल्म राजा शिवा. जी में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र, अमोल गुप्ते, जिनिलीया देशमुख और रितेश विलासराव देशमुख नजर आएंगे।

# प्रभास और आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर मचाया धमाल





**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास और बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। यह चर्चा तब शुरू हुई जब संदीप रेड्डी वांगा ने धुरंधर 2 को लेकर एक ट्वीट किया, जिस पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए प्रभास को एक लीजेंड बताया। नेटिजन्स के लिए यह एक छोटा सा इशारा ही काफी था और उन्होंने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि पर्दे के पीछे कुछ बहुत बड़ा पक रहा है। हालांकि अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन फैंस इन छोटे-छोटे हिट्स को पकड़ रहे हैं और कल्पना कर रहे हैं कि यह भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े कॉम्बिनेशंस में से एक हो सकता है। सोशल मीडिया पर रिएक्शंस की बाढ़ आ गई है, जहां फैंस इसे ड्रीम कोलैब कह रहे हैं जो बड़े पैमाने पर सिनेमा और कहानी कहने के तरीके को बदल सकता है। कई लोगों का मानना है कि प्रभास की लार्जर-दैन-लाइफ स्क्रीन प्रेजेंस और आदित्य धर का दमदार निर्देशन मिलकर एक ऐसा सिनेमाई चमत्कार पेश कर सकते हैं जो पहले कभी नहीं देखा गया। इस संभावित कोलैबोरेशन के स्केल को लेकर इंटरनेट पर चर्चाएं छाई हुई हैं।अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन बढ़ती चर्चाओं ने एक बात साफ कर दी है, दर्शक प्रभास और आदित्य धर को साथ देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# सलमान स्टारर मातृभूमि-मेय वॉर रेस्ट इन पीस का गाना लॉन्च

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक ने अपनी फिल्म मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस का नया गाना मेरा जी नहीं भरा रिलीज कर दिया है। जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया यह गाना युद्ध की अफरा-तफरी के बीच पनपते खूबसूरत प्यार को बखूबी दिखाता है। सोशल मीडिया पर इस गाने को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मेरा जी नहीं भरा एक प्यारा सा रोमांटिक गाना है जो फिल्म की कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है। इसके विजुअल्स आंखों को सुकून देने वाले हैं और बैकग्राउंड्स काफी शानदार हैं, जो लीड जोड़ी की केमिस्ट्री को और भी निखारते हैं और फिल्म की दुनिया में एक इमोशनल गहराई जोड़ते हैं। श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा इस दिल छू लेने वाले गाने के लिए साथ आए हैं। इस ट्रैक को शमीर टंडन और कुमार गौरव सिंह ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल विश्वदीप जीस्त ने लिखे हैं। शबीना खान की कोरियोग्राफी इस गाने में एक अलग ही खूबसूरती और ग्रेस जोड़ती है। फर्रे और क्लास व स्ट्रेंज सिटी जैसी ओटीटी सीरीज के लिए पहचाने जाने वाले जैन इस रोल के साथ अपनी वर्सेटिलिटी (बहुमुखी प्रतिभा) दिखा रहे हैं।



# नुसरत भरुचा का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान

**मुंबई।** फिल्म छोरी 2 को रिलीज हुए एक साल हो गया है, लेकिन आज भी नुसरत भरुचा की परफॉर्मेंस को काफी याद किया जाता है और उसकी वजह है उनका कुछ अलग करने का चुनाव है। आमतौर पर फिल्म इंडस्ट्री में जहां कलाकार अक्सर उसी रास्ते पर चलते हैं, जो काम कर रहा हो, वहां नुसरत ने धीरे-धीरे उस दायरे से बाहर निकलने का फैसला किया। सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों से एक जाना पहचाना चेहरा बनने के बावजूद, उन्होंने उसी स्पेस में बने रहने की बजाय छोरी के साथ एक बड़ा मोड़ लिया और यह मोड़ था एक फीमेल-लीड हॉरर फिल्म का, जो लगभग पूरी तरह उनकी परफॉर्मेंस पर टिकी थी। हालांकि छोरी 2 के साथ उन्होंने इस सफर को और आगे बढ़ाया, जहां कहानी ज्यादा इंटेंस और इमोशन से भरपूर हो गई। छोरी 2 को रिलीज हुए आज एक साल हुए हैं और आज भी यह फिल्म उनके दर्शकों के मन में जस की तस बनी हुई है और उसकी वजह है नुशरत भरुचा की पर्फोर्मेंस। छोरी और छोरी 2 की सबसे बड़ी ताकत यही रही कि नुसरत सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं थीं, बल्कि उन्होंने उसे अपने कंधों पर उठाया। उनका किरदार साक्षी एक टिपिकल कमर्शियल हीरोइन जैसा नहीं है, जो बेबाक और निडर है। वह कमजा. ेर भी है और डरी हुई भी, लेकिन अंदर से मजबूत भी है और यही बैलेंस कहानी को दिलचस्प बनाता है। छोरी 2 में यह इमोशनल गहराई और भी अहम हो जाती है, क्योंकि फिल्म ज्यादा डार्क और साइकोलॉजिकल टेरिटरी में जाती है, और नुशरत हर मुश्किल मोमेंट को मजबूती से संभालती नजर आती हैं। यदि नुसरत के फिल्मी चुनावों को देखा जाए, तो एक साफ पैटर्न नजर आता है और वो यह है कि वे सेफ खेलने के बजाय, हमेशा से ऐसे रोल चुनती आई हैं, जिनमें एक तरह का रिस्क शामिल हो। चाहे जनहित में जारी हो के जरिए सामाजिक मुद्दे को उठाना हो या छोरी और छोरी 2 के जरिए हॉरर में एक मजबूत मैसेज के साथ एक्सपेरिमेंट करना हो, उन्होंने रिपीट करने की बजाय एक्सप्लोर करने का रास्ता चुना है।फिर भी, इन सबके बावजूद, वह अक्सर सबसे ज्यादा शोर-शराबे वाली चर्चाओं



का हिस्सा नहीं बनतीं। शायद इसलिए क्योंकि उनका बदलाव अचानक या ओवर-मार्केटेड नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे और नेचुरल तरीके से हुआ है। लेकिन यही बात उनके सफर को खास भी बनाती है। यह किसी प्लान्ड रीइंवेंशन जैसा नहीं, बल्कि एक ऑर्गेनिक ग्रोथ जैसा लगता है। आज छोरी 2 के एक साल बाद, नुसरत भरुचा एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में सामने आती हैं, जो अपने कम्फर्ट जोन से बाहर जाने से नहीं डरतीं। ऐसे समय में जब दर्शक नए जॉनर और मजबूत कहानियों के लिए ज्यादा खुले हैं, उनका यह अप्रोच उनकी क्रेडिबिलिटी को और मजबूत बनाता है।

# इलजाम में वकील की भूमिका निभाएंगी न्यारा



**मुंबई।** अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी अपने आने वाले प्रोजेक्ट इलजाम में वकील की भूमिका निभाती नजर आएंगी। खास बात यह है कि यह किरदार न्यारा एम बनर्जी के लिए सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि उनकी असल जिंदगी से गहराई से जुड़ा हुआ है। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में आने से पहले न्यारा ने कानून की पढ़ाई की थी। उन्होंने कभी वकील बनने का रास्ता चुना था, लेकिन बाद में उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अब इलजाम में एक वकील का किरदार निभाना उनके लिए मानो एक फुल सर्कल मोमेंट है। इलजाम के साथ न्यारा न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता का नया पहलू दिखा रही हैं, बल्कि अपने अतीत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को फिर से जी रही हैं,जो इस भूमिका को और भी खास और दिलचस्प बनाता है। सूत्रों के अनुसार, इलजाम में न्यारा एम बनर्जी का किरदार कई दमदार और प्रभावशाली पलों से भरा होगा, जो न्याय और आवाज की ताकत को उजागर करेगा। यह उनके करियर में एक नया मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह अधिक गंभीर व प्रदर्शन-प्रधान अवतार में नजर आएंगी।

# राणाबाली के लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी : राहुल सांकृत्यायन

**मुंबई।** निर्देशक राहुल सांकृत्यायन का कहना है कि फिल्म राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राणाबाली साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसमें पर्दे की मशहूर जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर साथ आ रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी और राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म ने दर्शकों के बीच पहले ही जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। राहुल सांकृत्यायन ने खुलासा किया कि राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राहुल सांकृत्यायन ने उन्होंने रिसर्च के लिए इतिहासकारों, कवियों से बात की और पुराने रिकॉर्ड्स खंगाले। इतिहास कई रूपों में मौजूद है, सिर्फ किताबों में ही नहीं, बल्कि उन कहानियों में भी जो गांवों और रीति-रिवाजों के जरिए हम तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा, मद्रास प्रेसीडेंसी, जिसमें आज का चेन्नई, तेलुगु क्षेत्र और बेंगलुरु शामिल हैं के पास संघर्ष और जुझारूपन की अपनी अनकही कहानियां हैं। हम शायद ही कभी मुख्यधारा की कहानियों में इन्हें सुनते हैं।ष उन्होंने साझा किया कि फिल्म के कुछ सबसे दमदार पल उन्हें भूले-बिसरे गांवों और छिपे हुए अभिलेखागारों से मिले हैं। ऐसा ही एक किस्सा उनके पिता के गांव की यात्रा का था, जहां उन्होंने एक लंबे समय से भूले हुए रीति-रिवाज को फिर से जीवित होते देखा और इसी अनुभव ने फिल्म के क्लाइमेक्स को प्रेरित किया। राहुल सांकृत्यायन ने राणाबाली के पीछे की प्रेरणा के बारे में खुलकर बात की और खुलासा किया कि यह फिल्म 19वीं सदी के रायलसीमा की वास्तविक घटनाओं पर गहराई से आधारित है। यह असल कहानियां ही उनकी इस आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा की नींव हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108